रोहतक

शनिवार 2 मई 2026

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 30, अंक : 87
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**

अधि. 39.0
न्यून. 18.3


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




7 विमेंस वनडे रैंकिंग: तीसरे पायदान पर भारत, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर काबिज



## मां तो मां होती है

### मौत के बाद भी कलेजे से चिपकाए रहीं मासूम को

**जबलपुर क्रूज हादसे की दर्दनाक तस्वीर**

**जबलपुर।** जबलपुर के बरगी डैम में गुरुवार को हुए हादसे की दर्दनाक तस्वीर सामने आई है। हादसे में मरीना मैसी और उनके चार साल के बेटे त्रिशान की भी मौत हो गई। बचाव दल को दोनों के शव मिले। मां ने अपनी ही लाइफ जैकेट के भीतर अपने कलेजे के टुकड़े को समेट लिया था। उसने बच्चे को अपने सीने से इतनी मजबूती से चिपकाया था कि काल का क्रूर झोंका भी उन्हें अलग नहीं कर सका। रेस्क्यू टीम ने जब उन्हें बाहर निकाला, तो दोनों के शव एक-दूसरे को बाहों में जकड़े हुए थे। यह परिवार दिल्ली से घूमने आया था। पिता प्रदीप मैसी और बेटी सिया किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी डैम में गुरुवार शाम करीब 5 बजे पर्यटन विभाग का एक क्रूज अचानक आई तेज आंधी के चलते डूब गया। अब तक 9 शव मिल चुके हैं। प्रशासन के मुताबिक, 28 लोगों को बचा लिया गया है।

**आम आदमी को लग सकता है बड़ा झटका** | रसोई गैस पर भी संकट

# कमर्शियल गैस सिलेंडर महंगा अब पेट्रोल और डीजल की बारी

## वाणिज्यिक सिलेंडर में 994 रुपये की बढ़ोतरी, छोटू के रेट भी बढ़ाए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने शुक्रवार को कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों के दाम में भारी बढोतरी कर दी है। कॉमर्शियल सिलेंडर शुक्रवार यानी 1 मई से 994 रुपये तक महंगा हो गया है। दिल्ली में ये अब 3071.50 रुपये में मिलेगा। 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 261 रुपये का इजाफा किया गया है। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों के बाद बढ़ाने के बाद अब पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने की बारी है। इसके साफ संकेत भी मिल रहे हैं। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि निकट भविष्य में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से इनकार नहीं किया जा सकता है। ग्लोबल क्रूड ऑयल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है। इसके बावजूद खुदरा दरों को चार साल से स्थिर रखा गया है। इसके कारण तेल कंपनियों का नुकसान बढ़ता जा रहा है। इसके पहले दिन में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने उद्योग की ओर से एक बयान जारी करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा लागत में भारी बढ़ोतरी के बावजूद पेट्रोल और डीजल की कीमतों के साथ घरेलू एलपीजी दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की जा रही है। सरकारी स्वामित्व वाली तेल कंपनियों ने कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं।

**05** किलो वाले सिलेंडर के दाम में भी 261 का इजाफा

**126** डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचे क्रूड के दाम

**04** साल में सबसे ऊंचे स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें




### ऊंची बनी हुई हैं क्रूड की कीमतें

- इस हफ्ते अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतें चार साल के सबसे ऊंचे स्तर तक पहुंच गईं।
- 126 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने के बाद उनमें नरमी आई, लेकिन वे 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहीं।
- होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही अभी भी सीमित है, इससे ऊर्जा संकट बढ़ता जा रहा है।

**पहले से ही जताई जा रही है संभावना :** विश्लेषकों ने पहले ही इस बात की संभावना जताई थी कि 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों के लिए मतदान समाप्त होने के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 25-28 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

**कितना हो रहा है नुकसान?**

- सरकारी स्वामित्व वाली ईंधन खुदरा कंपनियों को पेट्रोल पर लगभग 20 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है।
- डीजल के मामले में यही नुकसान लगभग 100 रुपये प्रति लीटर तक है।
- ऐसा इसलिए है क्योंकि ग्लोबल तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई।
- पिछले लगभग चार साल से पंप पर बिकने वाले ईंधन की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं।
- अधिकारी ने यह भी कहा था कि फिलहाल कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है। भविष्य में कुछ कह नहीं सकते।

### अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद दामों में उछाल

28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर हमला किए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों में भारी उछाल आया। इसके बाद तेहरान ने भी कड़ा पलटवार किया। इसके चलते होर्मुज स्ट्रेट प्रभावी रूप से बंद हो गया। यह स्ट्रेट दुनिया की सबसे एनर्जी सप्लाई के अहम मार्गों में से एक है। होर्मुज स्ट्रेट फारस की खाड़ी को ग्लोबल मार्केट्स से जोड़ता है। ग्लोबल ऑयल ट्रेड का लगभग पांचवां हिस्सा इसी रास्ते गुजरता है।

**अर्थव्यवस्था हुई मजबूत**

### जीएसटी कलेक्शन 2.42 लाख करोड़ पहुंचा

भारत के ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन ने अप्रैल महीने में 2.42 लाख करोड़ का नया रिकॉर्ड बनाया। सरकारी डेटा के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के मुकाबले इसमें 8.7% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे पहले सबसे ज्यादा कलेक्शन अप्रैल 2025 में 2.23 लाख करोड़ रहा था। आमतौर पर हर साल अप्रैल के महीने में टैक्स कलेक्शन मजबूत रहता है। (पेज 4 भी देखें)

**तेहरान ने कहा हमारा मकसद शांति कायम करना**

# ईरान ने पाकिस्तान को भेजा नया प्रस्ताव, ट्रंप ने ठुकराया

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन

ईरान ने अमेरिका के साथ चल रही बातचीत को लेकर अपना नया प्रस्ताव पाकिस्तान को सौंप दिया है। पाकिस्तान इस मामले में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि उनका सबसे बड़ा मकसद जंग खत्म करना और लंबे समय तक शांति कायम करना है। ईरान का कहना है कि वह बातचीत के जरिए हालात को बेहतर करना चाहता है और शांति की



ट्रंप बोले, ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे

दिशा में आगे बढ़ रहा है। दूसरी ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नए प्रस्ताव को यह कहते हुए ठुकरा दिया कि तेहरान को परमाणु हथियार बनाने नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर आप (दुनिया) इससे सहमत हैं, तो मैंने जो किया वह पूरी तरह सफल रहा, क्योंकि हमारी सेना ने उन्हें पूरी तरह कमजोर कर दिया। वहीं, अमेरिका पहली बार ईरान के खिलाफ हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकता है। अमेरिका की सेंट्रल कमांड के कमांडर ने राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान के खिलाफ विकल्पों की जानकारी दी है। एडमिरल ब्रैड कूपर ने व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में ट्रंप के साथ बैठक में ये विकल्प पेश किए।


हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना
हरियाणा
माह : मई
दिनांक : 02 मई 2026


## खबर संक्षेप

### अब कैमरा व सेंसर से ऑटोमेटिक कटेगा टोल



**सूरत।** देश का पहला मल्टीलेन फ्री फ्लो बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम लॉन्च कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पर लिखा, देश के लिए ये ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि भारत का पहला मल्टी-लेन फ्री फ्लो बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम चोरयासी टोल प्लाजा पर शुरू किया गया है। *एजेंसी*

### नोएडा एयरपोर्ट से 15 जून से शुरू होंगी उड़ानें



**नोएडा।** इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने शुक्रवार को आधिकारिक घोषणा करते हुए जानकारी दी है कि यहां से 15 जून 2026 से व्यावसायिक विमान सेवाएं शुरू होंगी। पहली कमर्शियल फ्लाइट इंडिगो द्वारा संचालित की जाएगी। इसके तुरंत बाद अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी अपनी सेवाएं शुरू करेंगे। *एजेंसी*

### जम्मू में पुल गिरा, 5-7 मजदूर दबे, एक की मौत

**बनतालाब।** जम्मू के बनतालाब में शुक्रवार को पुल गिरने से 5 से 7 लोग दब गए। वहीं, एक की मौत हो गई है। पुलिस, सेना और स्थानीय प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गई हैं। मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मलबे से अब तक 3 मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया है। भाजपा विधायक शाम लाल शर्मा ने बताया कि अभी 3 मजदूर मलबे में दबे हुए हैं।

**94 में से 88 विधायकों ने किया समर्थन**

# पंजाब में आप सरकार ने पास किया फ्लोर टेस्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के एक दिन के विशेष सत्र के बाद शुक्रवार को पंजाब सरकार ने भी एक दिन का विशेष सत्र आयोजित किया। इस दौरान विधानसभा में विपक्ष द्वारा टोकाटाकी, आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चला और विपक्ष और सीएम में तीखी नोकझोंक के बाद में विपक्ष ने वाकआउट कर दिया। एक दिन के इस खास सत्र में मुख्यमंत्री भगवंत मान का मान और ज्यादा बढ़ गया है। सदन में लाया गया विश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। 94 में से 88 विधायकों ने सरकार के पक्ष में वोट दिया। वहीं 4 विधायक गैरहाजिर रहे, जबकि 2 विधायक लालजीत सिंह भुल्लर और हरमीत सिंह पठानमाजरा जेल में बंद हैं। विश्वास मत हासिल कर लेने के बाद में मुख्यमंत्री मान ने कहा कि वे इसकी कॉपी राष्ट्रपति को सौंपेंगे।



चार विधायक गैरहाजिर रहे, 2 जेल में बंद **मुख्यमंत्री बोले, वे इसकी कॉपी राष्ट्रपति को सौंपेंगे।**

### विपक्ष की डोप टेस्ट की मांग

सदन माहौल पूरी तरह से गर्म रहा। सदन की कार्यवाही के दौरान नेता प्रतिपक्ष सरदार प्रताप सिंह बाजवा ने विस अध्यक्ष को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री और सभी विधायकों का डोप टेस्ट कराने की मांग की, इस दौरान अच्छा खासा हंगामा खड़ा हो गया, नेता प्रतिपक्ष ने दरवाजे बंद कर सीएम सहित सभी का टेस्ट कराने की मांग रखी। विस अध्यक्ष ने मांग को खारिज कर दिया।

### बैठने के तरीके पर भी बहस

सीएम भगवंत सिंह मान और उनकी पार्टी के विधायकों ने कांग्रेसी विधायक सुखपाल सिंह खैहरा के बैठने के तरीके को लेकर सवाल उठाए और कहा कि यह सदन है, यह पर बैठने की भी एक मर्यादा है।

### ट्रंप ने ईयू की कार-ट्रकों पर लगाया 25% टैरिफ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की है कि अगले हफ्ते से यूरोपीय संघ (ईयू) से आने वाली कारों और ट्रकों पर टैरिफ बढ़ाकर 25% कर दिया जाएगा। ट्रंप का कहना है कि यूरोपीय संघ पहले से तय व्यापार समझौते का पालन नहीं कर रहा है, इसलिए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर यूरोपीय कंपनियां अमेरिका में ही कार और ट्रक बनाएंगी, तो उन पर कोई टैक्स नहीं लगाया जाएगा। ट्रंप के अनुसार, इस समय अमेरिका में कई नई ऑटोमोबाइल और ट्रक फैक्ट्रियां बन रही हैं, जिनमें 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश हो रहा है।

# प्रदेश के 69 शहरों में बनेंगे सेक्टर, 13 शहरों में जमीन लेने की प्रक्रिया शुरू

- जमीन खरीद के लिए पोर्टल खुला
- योजना का पहला चरण शुरू, 1.67 लाख एकड़ का टारगेट

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में शहरी विस्तार को रफ्तार देने के लिए सरकार नए सेक्टर विकसित करेगी। इसके लिए योजना का पहला चरण शुरू हो गया है। प्रदेश के 69 शहरों में रिहायशी, व्यावसायिक और इंडस्ट्रियल सेक्टर विकसित होंगे, जिसके लिए जमीन जुटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ( एसएचवीपी) ने इसके लिए एक लाख 67 हजार एकड़ जमीन खरीदने की योजना बनाई है। जमीन खरीदने के लिए ई-भूमि पोर्टल भी खोल दिया गया है, जहां किसान और भूमि मालिकों से आवेदन मांगे गए हैं। पहले चरण में 13 शहरों में करीब 40 हजार एकड़ जमीन खरीदी जाएगी, जिसके लिए 104 गांवों के किसानों को शामिल किया जाएगा। इनमें गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला, हिसार, पानीपत, सिरसा और यमुनानगर जैसे शहर शामिल है, जहां सेक्टर विकसित किए जाएंगे। इन जिलों में जमीन की नीलामी की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

**ईवीएम से छेड़छाड़-हिंसा की शिकायत के बाद फैसला**

# पश्चिम बंगाल में 15 बूथ पर आज दोबारा वोटिंग

**कोलकाता (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के 15 बूथों पर शनिवार को दोबारा वोटिंग कराने का फैसला किया है। दरअसल 29 अप्रैल को हुई वोटिंग के दौरान डायमंड हार्बर के 4 और मगराहाट पश्चिम के 11 बूथों पर हिंसा, ईवीएम से छेड़छाड़ और झड़प हुई थी। जिससे मतदान प्रभावित हुआ था। वहीं कोलकाता में ईवीएम स्ट्रॉन्गरूम के बाहर टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के धरना और प्रदर्शन के बाद सिक्योरिटी सख्त कर दी गई है। पुलिस ने कोलकाता के 7 स्ट्रॉन्ग रूम के 200 मीटर के दायरे में 5 या उससे ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी है और सीएपीएफ की करीब 700 कंपनियां तैनात की गई हैं।

कोलकाता में स्ट्रॉन्ग रूम के पास भीड़ लगाने पर रोक **सीएपीएफ की करीब 700 कंपनियां तैनात**

### सुवेंदु ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम में पहुंचे

भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी शुक्रवार शाम 6.30 बजे कोलकाता के सखावत मेमोरियल स्कूल में ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम पहुंचे। वे यहां करीब 10 मिनट रुके। इसी स्ट्रॉन्ग रूम में गुरुवार रात को सीएम ममता बनर्जी 4 घंटे बैठी रही थीं। दरअसल टीएमसी ने चुनाव अधिकारियों पर बिना सूचना दिए ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम खोलने, ईवीएम से छेड़छाड़ और वहां संदिग्ध लोग मौजूद होने के आरोप लगाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को पश्चिम बंगाल चुनाव मामले में टीएमसी की याचिका पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच गठित की है।

# आज से फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

**हरियाणा (हरिभूमि टीम )।** प्रदेश में शनिवार से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। यह तीन मई तक एक्टिव रहेगा। इससे मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिलेंगे। कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया है। पिछले एक सप्ताह से लगातार बदल रहे मौसम से लोगों के गर्मी से राहत मिली हुई है। सुबह और शाम के समय ठंड महसूस हो रही है।

कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश संभव



तापमान में 2.8 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को महेंद्रगढ़ में सबसे अधिक 39 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम तापमान 18.3 डिग्री सोनीपत में रहा। वहीं नारनौल का न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक रहा। कई जिलों में हल्की बारिश भी दर्ज की गई, जिससे मौसम सुहावना बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमी गतिविधियों के प्रभाव से तापमान में यह उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। किसानों और आमजन को सलाह दी गई है कि वे मौसम के ताजा अपडेट पर नजर बनाए रखें, ताकि बदलते मौसम के अनुसार आवश्यक सावधानियां बरती जा सकें।

**नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट किया ध्वस्त**

# क्रिकेट के पैड और दस्तानों में छिपा कर लाई गई थी करोड़ों की कोकीन

**1,745 करोड़ मूल्य की 349 किग्रा उच्च गुणवत्ता वाला नशा बरामद**

**मुंबई (एजेंसी)।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक अंतरराष्ट्रीय कोकीन सिंडिकेट को ध्वस्त किया है। तस्कर क्रिकेट पैड और दस्तानों के भीतर व आयातित मशीनरी के खोखले हिस्सों में छिपाकर कोकीन भारत लाते थे। नशे के इस सामान को गोदामों में रखा गया था। ब्यूरो ने मुंबई और उससे जुड़े लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर से लगभग 1,745 करोड़ रुपये मूल्य की 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन बरामद की गई है। एनसीबी के अनुसार, व्हाइट स्ट्राइक नामक इस ऑपरेशन में छह महीने से अधिक समय तक खुफिया जानकारी जुटाने और निगरानी करने के बाद नवी मुंबई और ठाणे जिले के कलंबोली-भिवंडी कॉरिडोर में समन्वित छापेमारी की गई। विशिष्ट और विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर, कई टीमों ने कलंबोली-भिवंडी (नवी मुंबई–ठाणे क्षेत्र) में एक साथ कार्रवाई की, जिससे गोदामों के नेटवर्क और छिपे हुए परिवहन तरीकों का उपयोग करने वाले एक अत्यधिक संगठित अंतरराष्ट्रीय ड्रग सप्लाई नेटवर्क का खुलासा हुआ।

### एक-एक किलोग्राम के 136 पैकेट मिले

अधिकारी ने बताया कि यह दो चरणों में चलाया गया ऑपरेशन था। पहले चरण में विश्वसनीय इनपुट के आधार पर एनसीबी टीमों ने कलंबोली के केडब्लूसी वेयरहाउसिंग कॉम्प्लेक्स के पास एक मारुति सुजुकी सुपर कैरी वाहन को रोका। कार्टनों में 1-1 किलोग्राम के 136 पैकेट मिले, जिनमें कोकीन को क्रिकेट पैड और दस्तानों के अंदर छिपाया गया था। मौके से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया। लगातार पूछताछ और आगे की कार्रवाई में आरोपी ने भिवंडी में छिपाकर रखी गई एक अन्य खेप का खुलासा किया।

### खोखले हिस्सों में छिपाकर लाया गया

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कोकीन को आयातित मशीनरी के खोखले हिस्सों में छिपाकर लाया गया था। हर पैकेट को पॉलीथीन की नौ परतों में लपेटा गया था, जिसमें एक काली चिकनी परत भी शामिल थी। भिवंडी के वेयरहाउसिंग सिस्टम का इस्तेमाल यह दिखाता है कि यह एक सुव्यवस्थित लॉजिस्टिक्स चेन थी, जिसमें छिपी हुई कोकीन के साथ मशीनरी का आयात, गोदामों में भंडारण और बाद में इसकी सप्लाई शामिल थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई की सराहना की है।

### हर साल औसतन 200-300 किलो कोकीन जब्त होती

अब एनसीबी इस नेटवर्क के सरगना, संचालकों, फाइनेंसरों और खरीदारों की तलाश में जुटी है और जांच दिन-प्रतिदिन तेज की जा रही है। यह बरामदगी इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत में सामान्यतः हर साल औसतन 200-300 किलोग्राम कोकीन जब्त होती है, जबकि इस एक ही मामले में 349 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई है।

# नागरिकता नियमों में बदलाव अब ऑनलाइन होगा आवेदन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को सिटिजनशिप (संशोधन) नियम, 2026 लागू कर दिए हैं। नए नियमों के तहत अब ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) के लिए आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन करना होगा। साथ ही फिजिकल कार्ड के साथ ई-ओसीआई दस्तावेज की भी सुविधा दी गई है, जिससे प्रक्रिया ज्यादा सरल और डिजिटल हो जाएगी। नए नियमों में साफ किया गया है कि कोई नाबालिग एक साथ भारतीय और विदेशी पासपोर्ट नहीं रख सकता। यह प्रावधान दोहरी नागरिकता से जुड़े मामलों में स्पष्टता लाने के लिए जोड़ा गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि ओसीआई स्टेटस एक विशेषाधिकार है, अधिकार नहीं। यदि कोई धारक भारतीय कानूनों का उल्लंघन करता है, तो उसका ओसीआई रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा सकता है।

सरकार बोली– यह अधिकार नहीं, विशेषाधिकार

### ओसीआई से मिलती हैं ये सुविधाएं

ओसीआई कार्ड धारकों को भारत में आजीवन मल्टीपल एंट्री वीजा, आर्थिक और शैक्षणिक सुविधाएं मिलती हैं। सरकार ने दोहराया है कि ओसीआई धारकों को वोटिंग या संवैधानिक पदों जैसे राजनीतिक अधिकार नहीं मिलते। सरकार ने पहले ही नियम सख्त करते हुए कहा था कि यदि किसी ओसीआई धारक को 2 साल या उससे अधिक की सजा होती है या 7 साल या उससे ज्यादा सजा वाले अपराध में चार्जशीट होती है, तो उसका रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### फाइनेंस घोटाले में नाम आने पर सीएफए राजेश सांगवान बर्खास्त

**चंडीगढ़।** एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के फाइनेंस एंड अकाउंट कंट्रोलर राजेश सांगवान को पद से बर्खास्त कर दिया गया है। विभाग ने उनके खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आने के बाद यह कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, सांगवान का नाम बोर्ड से जुड़े एक फाइनेंस घोटाले में सामने आया था। इसके बाद विभाग ने आदेश जारी कर उन्हें सेवा से हटाने का फैसला लिया। इससे पहले विजिलेंस और एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 14 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। आरोप है कि सांगवान ने बैंक अधिकारियों और कुछ निजी व्यक्तियों के साथ मिलकर सरकारी धन के गबन की साजिश रची थी। मामले की जांच एजेंसियों द्वारा की जा रही है और आगे भी कार्रवाई जारी रहने की संभावना है।

### मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे कर्मचारी

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर निगम कर्मचारियों ने दो दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी। करीब 3500 कर्मचारियों के हड़ताल पर रहने से फील्ड और कार्यालय दोनों का काम प्रभावित रहा। कर्मचारियों ने न्यूनतम वेतन 20,000 रुपये करने और श्रम कानून बहाल करने की मांग उठाई।

### स्टील व्यापारी से 8.34 लाख की धोखाधड़ी

**फरीदाबाद।** एनआईटी क्षेत्र में एक आयरन-स्टील व्यापारी के साथ 8.34 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित गोपाल दास चावला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे नेहरू ग्राउंड स्थित भारत इंटरप्राइजेज के संचालक हैं। सितंबर 2025 में आरोपी अशोक उर्फ लीलू ने बाबा ऑटो वर्क्स के नाम पर उनसे लोहे का माल खरीदा। कुल कीमत 8.84 लाख रुपये तय हुई थी, जिसमें 30 प्रतिशत एडवांस देने की बात कही गई, लेकिन आरोपियों ने केवल 50 हजार रुपये ही ट्रांसफर किए।इसके बाद आरोपियों ने भरोसा दिलाकर पूरा माल ले लिया और बाकी भुगतान टालते रहे। काफी दबाव के बाद उन्होंने 8.34 लाख रुपये का चेक दिया, जो बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया। बाद में दिए गए दूसरे चेक पर हस्ताक्षर भी फर्जी पाए गए।

### मुख्यमंत्री ने पंजाब में सतगुरु ब्रह्मानंद महाराज के 24वें निर्वाण दिवस समागम में हिस्सा लिया

# हरियाणा-पंजाब का आत्मीय रिश्ता अटूट

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भौगोलिक रूप से हरियाणा और पंजाब अलग-अलग राज्य हो सकते हैं, लेकिन दोनों की आत्मा, संस्कृति, खान-पान और परंपराएं एक हैं, जो संत-महापुरुषों की देन हैं। वह पंजाब के पोजेवाल में संत ब्रह्मानंद महाराज भूरीवाले के 24वें निर्वाण दिवस समागम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बेटियों की शिक्षा के लिए संस्थान को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों के लिए कोई सीमाएं नहीं होतीं, वे संपूर्ण मानवता के लिए होते हैं और 'वसुधैव कुटुंबकम्' का संदेश देते हैं। उन्होंने बताया कि ब्रह्मानंद महाराज के अनुयायी हरियाणा में भी बड़ी संख्या में हैं और उनकी शिक्षाओं को दोनों राज्यों में समान सम्मान प्राप्त है। उन्होंने कहा कि संत ब्रह्मानंद महाराज ने मानव सेवा, अध्यात्म और समाज उत्थान का जो मार्ग दिखाया, उसी पर चलते हुए सरकार गरीबों, पिछड़ों, महिलाओं और बेटियों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।



#### संतों के दिखाए मार्ग पर चल रही हरियाणा सरकार : नायब

उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही सरकार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने बताया कि महाराज की प्रेरणा से क्षेत्र में लड़कियों के चार कॉलेज और तीन स्कूल संचालित हो रहे हैं। इसी तर्ज पर हरियाणा सरकार ने हर 20 किलोमीटर के दायरे में कॉलेज खोलने का प्रयास किया है, जिससे बेटियों को घर के पास शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि ब्रह्मानंद महाराज ने सिखाया कि ईश्वर की प्राप्ति सेवा और मन की पवित्रता में है। नशामुक्ति और स्वस्थ जीवन के उनके संदेश आज भी प्रासंगिक हैं।

### सीएम ने मंडी गोबिंदगढ़ में उद्योगपतियों को संबोधित किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के लोगों से आह्वान किया कि वे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को मजबूत करें, ताकि पंजाब को भी विकास के पथ पर आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने पंजाब को कमजोर किया, लेकिन भाजपा सरकार बनने पर इसे फिर से रंगीला पंजाब बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री मंडी गोबिंदगढ़ में उद्योगपतियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाब का उद्योग जगत आज कई चुनौतियों बिजली संकट, कानून-व्यवस्था और नीतिगत अस्थिरता से जूझ रहा है। उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ राज्य विकास के बजाय टकराव की राजनीति में उलझे हैं, जिससे उद्योगों का माहौल प्रभावित हो रहा है। सैनी ने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन सरकार ने पिछले वर्षों में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नीतियों को सरल बनाया।

■ भाजपा बनाएगी फिर से 'रंगीला पंजाब' : सैनी

### निकाय चुनावः कांग्रेस ने विभिन्न क्षेत्रों के प्रभारी नियुक्त किए

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने प्रदेश में हो रहे स्थानीय निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की है। जारी सूची के अनुसार पंचकूला के लिए वरिष्ठ नेता शशि शर्मा को प्रभारी बनाया गया है। अंबाला के लिए विधायक अशोक अरोड़ा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोनीपत में वरिष्ठ नेता एवं विधायक बी. बी. बत्रा को प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार रेवाड़ी एवं धारूहेड़ा क्षेत्र के लिए पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव को जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इन नियुक्तियों का उद्देश्य चुनाव प्रचार को अधिक प्रभावी, संगठित और परिणामोन्मुख बनाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस पार्टी स्थानीय निकाय चुनावों में पूर्ण बहुमत के साथ जीत हासिल करेगी। कार्यकर्ता उत्साह से प्रचार कर रहे है।

### बिजली बिल से एफएसए को खत्म करे सरकारः प्रो. संपत

**चंडीगढ़।** इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. संपत सिंह ने शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार पर बिजली दरों में लगातार बढ़ोतरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले से ही 47 पैसे प्रति यूनिट सरचार्ज लगाया जा चुका है और अब बिजली वितरण कंपनियां हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग में अतिरिक्त चार्ज लगाने की मांग कर रही हैं, जो किसी भी रूप में उचित नहीं है। संपत सिंह ने बताया कि उन्होंने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट (एफएसए) शुल्क बढ़ाने की मांग का विरोध करते हुए वीरवार को एचईआरसी में याचिका दायर की है। उन्होंने एफएसए को पूरी तरह खारिज करने और नियमों के उल्लंघन के लिए वितरण कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मामले की जनसुनवाई 14 मई को निर्धारित है।



### ट्रिपल इंजन सरकार से पंचकूला का तेज होगा विकास

**पंचकूला।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार बनने से पंचकूला में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आमजन के जीवन को सरल और सुगम बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना और चिरायु योजना के तहत गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। बीड़ घग्गर और रामगढ़ में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने मेयर प्रत्याशी श्यामलाल बंसल और विभिन्न वार्डों के भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि कमल के फूल पर बटन दबाकर ट्रिपल इंजन सरकार बनाएं।



### केंद्रीय मंत्री नड्डा के साथ विकास कार्यों पर चर्चा

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर (मुख्यमंत्री आवास) में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान प्रदेश के विकास कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा जनकल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। स्वास्थ्य ढांचे को और मजबूत बनाने, आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय को और सुदृढ़ करने पर सहमति जताई, ताकि विकास कार्यों को गति दी जा सके।



## बच्चों का समग्र विकास अभिभावक-शिक्षक के संयुक्त प्रयासों से ही संभवः प्रो. घोष

**नूंह।** राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि बच्चों का समग्र विकास तभी संभव है, जब अभिभावक और शिक्षक मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने जिला नूंह के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नूंह-2 तथा पीएमश्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फिरोजपुर नमक का दौरा कर शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता और बिजली सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल, स्वास्थ्य, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान है। राज्यपाल ने दोनों स्कूलों में विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए 10-10 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की।

■ राज्यपाल ने नूंह में स्कूलों का दौरा कर बच्चों से संवाद किया



## तंजानिया व्यापार मेले में जाएगा हरियाणा का प्रतिनिधिमंडल

**चंडीगढ़।** हरियाणा में औद्योगिक विकास को वैश्विक स्तर पर गति देने के उद्देश्य से राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में 5 जुलाई को हरियाणा सरकार का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल तंजानिया के दौरे पर जाएगा। यह प्रतिनिधिमंडल दार-एस-सलाम में आयोजित 50वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लेगा और सात दिन तक वहां विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेगा।

विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, मेले में हरियाणा का विशेष पैवेलियन स्थापित किया जाएगा, जहां राज्य की औद्योगिक क्षमता और निवेश संभावनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इस दौरे के दौरान किसान, व्यापारी, आईटी और फार्मा क्षेत्र के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे, जो तंजानिया के साथ व्यापार और निवेश के नए अवसरों की तलाश करेंगे तथा संभावित समझौतों पर विचार करेंगे। विदेश सहयोग विभाग द्वारा 'गो-ग्लोबल' दृष्टिकोण के तहत हरियाणा को वैश्विक निवेश का केंद्र बनाने के लिए विभिन्न हितधारकों से संवाद किया जा रहा है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप हरियाणा के निर्यात में लगभग 395 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो राज्य की सुदृढ़ औद्योगिक नीतियों और अनुकूल निवेश वातावरण का प्रमाण है। प्रवक्ता ने बताया कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 'एक्सपोर्ट बूस्टर' जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

**MUNICIPAL COUNCIL, BHIWANI**

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे नगर परिषद भिवानी द्वारा कबाड़ को खुली बोली लगाई जानी है। अतः आप सभी से अनुरोध है कि बोली से पहले मु० राशि 50,000/- रूपये नगद नगर परिषद भिवानी के कार्यालय में जमा करवाकर अधिक संख्या में बोली में भाग लेना सुनिश्चित करे।

**नोटः- बाकी शर्ते किसी भी कार्यदिवस में नगर परिषद भिवानी कार्यालय में देखी जा सकती है।**

**हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद भिवानी।**

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

| निविदा संख्या | निविदा खुलने कि तिथि समय | अनुमानित लागत रुपये | धरोहर राशि | कार्य पूरा रुपये करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| OT-07/ 2026-27 | 28.05.2026 at 15.00 hrs | ₹ 149876001.29/- | ₹ 2997500/- | 365 दिन |
| कार्य का विवरण | इन्टरलॉकिंग ऑफ मैन्ड नॉन-इन्टरलॉक्ड 23 लेवल क्रॉसिंग गेट्स हैविंग टी.वी.यू. मोर दैन 20000 ओवर अंबाला डिवीजन | | | |
| OT- 08/ 2026-27 | 28.05.2026 at 15.00 hrs | ₹ 5129242.29/- | ₹ 102600/- | 180 दिन |
| कार्य का विवरण | सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विद (1) अपग्रेडेशन ऑफ लेवल क्रॉसिंग नंबर 4 एट किमी. 4.257 फ्रोम 'बी' टू स्पेशल क्लास ऑन सरहिन्द - अम्ब अंदौरा सेक्शन ओवर अंबाला डिवीजन (2) अपग्रेडेशन ऑफ लेवल क्रॉसिंग नंबर 90/बी 3 एट किमी 105.682 फ्रोम बी क्लास टू स्पेशल क्लास ऑन सरहिन्द - अम्ब अंदौरा सेक्शन ओवर अंबाला (3) अपग्रेडेशन ऑफ लेवल क्रॉसिंग नंबर 91/बी4 एट किमी.106.885 फ्रोम बी क्लास टू स्पेशल क्लास ऑन सरहिन्द - अम्ब अंदौरा सेक्शन ओवर अंबाला डिवीजन. | | | |

**नोटः** वरि. मंडल सिग. एवं टेली. इंजी./ उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यो हेतु खुली निविदा दशार्यी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारो के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करे। **1.** टैन्डर डाकूमैंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे बेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लाग ऑन करें। **2.** निविदाकारो को ई-टेण्डरिग मे भाग लेने के लिए उनके पास क्लास. III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/ शर्तो इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

**संख्याः एस.डब्लू/ सिग/ अंबाला/ एन.आई.टी.-02/2026-27 दिनांकः 30.04.2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1467/2026

## पुलिस भर्ती : अब तक 20 हजार अभ्यर्थियों ने दिया पीएमटी

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य एवं नोडल अधिकारी भूपेंद्र चौहान ने बताया कि पंचकूला स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित शारीरिक माप परीक्षण के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।

आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह लगातार निरीक्षण कर रहे हैं, जबकि आयोग के सदस्य प्रतिदिन व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि 20 से 30 अप्रैल के बीच करीब 20,000 अभ्यर्थी पीएमटी में भाग ले चुके हैं और परीक्षण प्रक्रिया अभी जारी है। सफल संचालन के लिए लगभग 250 अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती की गई है, जिनमें स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, अग्निशमन, पुलिस, नगर निगम व शारीरिक शिक्षा विभाग शामिल हैं।

## विभागों में ऑनलाइन लीव सिस्टम अनिवार्य : रस्तोगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार शासन में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए डिजिटल प्रशासन को तेजी से लागू कर रही है। इसी दिशा में सभी विभागों के लिए ऑनलाइन लीव मैनेजमेंट सिस्टम अनिवार्य कर दिया गया है, जबकि अप्रैल 2027 तक वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने उच्चस्तरीय बैठक में ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्मों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रशासन के हर पहलू को डिजिटल प्रणाली में बदलना सरकार की प्राथमिकता है।



उन्होंने अधिकारियों को ऑनलाइन लीव सिस्टम के शीघ्र क्रियान्वयन और स्पष्ट समय-सीमा तय करने के निर्देश दिए। बैठक में 18 मॉड्यूल्स की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही सेंट्रलाइज्ड फाइल मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए फाइलों के निपटान में तेजी लाने पर जोर दिया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने लंबित मामलों के निपटान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जबकि ग्रामीण विकास और बागवानी विभाग भी आगे रहे। दक्षता बढ़ाने के लिए 'पार्क्ड फाइल्स' श्रेणी शुरू करने और लंबित मामलों की मासिक समीक्षा के निर्देश दिए गए। बैठक में ई-ऑफिस प्रणाली को विभागवार और जिलावार रोडमैप के तहत लागू करने पर भी जोर दिया गया। मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव डॉ. यशपाल भी बैठक में मौजूद रहे।

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाईनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री लक्ष्मण श्रीमती पूनम देवी शीतल माता ट्रांसपोर्ट शीतला माता वुलन कं. (प्रोस्पैक्ट नं. IL11103928) | सेक्टर-6, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पानीपत, तहसील व जिला पानीपत-132103 में स्थित सम्पत्ति मकान नं. 491सी, ग्राउंड फ्लोर के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 234 | रु. 2288481.48/- रुपये बाईस लाख अठासी हजार चार सौ इक्यासी केवल | 10-02-2026 | 29-04-2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल 132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 02.05.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

### पर्यावरण प्रदूषण को लेकर सरकार सख्त

# 500 गज से बड़ी निर्माण साइट्स का डस्ट पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन जरूरी : राव नरबीर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह की अध्यक्षता में गुरुग्राम स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रदूषण नियंत्रण उपायों, विशेषकर डस्ट पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन पर सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में स्पष्ट किया गया कि 500 वर्ग गज से अधिक क्षेत्रफल वाली सभी निर्माण साइट्स का डस्ट पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। मंत्री ने निर्देश दिए कि जो साइट्स अभी तक पंजीकृत नहीं हैं, उनके खिलाफ प्राथमिकता के आधार पर चालान किया जाए। साथ ही, जो साइट्स पोर्टल पर पंजीकृत होने के बावजूद निर्धारित नियमों जैसे कवरिंग, पानी का छिड़काव और बैरिकेडिंगका पालन नहीं कर रहीं, उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### प्रदेश में 22 डस्ट कंट्रोल एंड मैनेजमेंट सेल भी सक्रिय

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में अब तक 3866 कंस्ट्रक्शन साइट्स को डस्ट पोर्टल पर पंजीकृत किया जा चुका है, जिससे उनकी रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव हो रही है। धूल प्रदूषण नियंत्रण के लिए 22 डस्ट कंट्रोल एंड मैनेजमेंट सेल भी सक्रिय किए गए हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने निर्देश दिए कि गुरुग्राम की लगभग 400 निर्माण साइट्स पर अगले 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से कवरिंग और बैरिकेडिंग सुनिश्चित की जाए, अन्यथा संबंधित एजेंसियों के खिलाफ चालान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन उपायों से न केवल धूल प्रदूषण पर नियंत्रण होगा, बल्कि शहर को एक मॉडल के रूप में विकसित किया जा सकेगा। मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि डस्ट पोर्टल के माध्यम से निर्माण गतिविधियों की निगरानी को और सख्त किया जाए, ताकि वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सके और आमजन को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।



### ये है डस्ट पोर्टल

**चंडीगढ़।** हरियाणा में निर्माण कार्यों से होने वाले धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने डस्ट पोर्टल लागू किया है। डस्ट पोर्टल के जरिए सरकार कंस्ट्रक्शन साइट्स की रियल-टाइम मॉनिटरिंग करती है। साइट संचालकों को पोर्टल पर अपनी गतिविधियों की जानकारी, फोटो और वीडियो अपलोड करने होते हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे धूल नियंत्रण के नियमों का पालन किया जा रहा है। इसके अलावा, अधिकारी समय-समय पर साइट्स का निरीक्षण भी करते हैं। यदि कोई साइट बिना पंजीकरण के चलती पाई जाती है या नियमों का उल्लंघन करती है, तो उसके खिलाफ चालान और अन्य कानूनी कार्रवाई की जाती है। पीसीबी के अधिकारियों ने बताया सड़क धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनसीआर के नगर निगमों में मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है, जहां वर्तमान में 56 मशीनें कार्यरत हैं।

### गेहूं खरीद मानकों में विशेष छूट को सराहा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने रबी विपणन सीजन 2026-27 के लिए केंद्र सरकार द्वारा गेहूं खरीद मानकों में दी गई विशेष छूट का स्वागत करते हुए इसे किसानों के हित में लिया गया एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से केंद्र के समक्ष उठाने का परिणाम है।

### शिक्षकों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को जरूरी कौशल से लैस करने की दिशा में काम कर रही है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने विशेष शिक्षा पाठ्यक्रमों और पुनर्वास संस्थानों की प्रगति की समीक्षा की। बताया गया कि प्रदेश में 300 से अधिक प्रशिक्षु शिक्षक विशेष शिक्षा प्रशिक्षण ले रहे हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि डाइट संस्थानों में शिक्षकों को ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी और अन्य सीखने संबंधी चुनौतियों की पहचान के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर ब्लड कल्चर के लिए ऑटोमेटेड सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 01.05.2026 22.05.2026 | रु.2,09,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/44893/I/88/6 दि. 01.05.26

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में रादौर मुस्तफाबाद रोड (आईडी-620) कि.मी. 0.00 से 17.60 का मजबूतीकरण। | 30.04.2026 14.05.2026 | 997.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 [illegible] |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | 2000 मिमी तक डायामीटर्स के सिविल/इंडस्ट्रीयल ड्रेन्स और सीवर लाइंस की गाद निकालना तथा डि-चोकिंग की क्षमतायोग्य सुपर सकर यूनिट की खरीद के लिए वार्षिक आर/सी। | 01.05.2026 15.05.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 3 | महिला एवं बाल विकास चरखी दादरी | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी आपूर्ति का परिवहन कार्य। | 27.04.2026 07.05.2026 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015347247 dpowcdadri@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज अम्बाला | एसडीए - गांव कम्बासी ब्लॉक बराड़ा में जागीर चंद के मकान से संजीव कुमार पुत्र बदामा राम तक नाला का निर्माण। | 30.04.2026 06.05.2026 | 4.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 praveeng.amb@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/80/44900/I/88/6 दि. 01.05.26

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्मी को 14 साल की सजा व एक लाख जुर्माना

**सिरसा।** फास्ट ट्रैक कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. नरेश सिंघल की अदालत ने ऐलनाबाद के गांव पोहड़का निवासी दोषी रामपाल को 14 साल कैद व एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी विनोद भांभू ने बताया कि महिला थाना सिरसा में 17 दिसंबर 2020 को मामला दर्ज किया गया था। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में छह माह और कैद होगी।

### एसी में आग लगने से वकील का चैंबर जला

**यमुनानगर।** जगाधरी कोर्ट परिसर में शुक्रवार दोपहर एक वकील के चैंबर में अचानक आग लग गई। यह हादसा ए ब्लॉक स्थित चैंबर नंबर 324 में करीब दो बजे हुआ। यह चैंबर अधिवक्ता माणिक लूथरा का है। आग का कारण एसी की इंडोर यूनिट में हुआ शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। दोपहर के समय चैंबर में लगे एसी से अचानक धुआं निकलने लगा। कुछ ही सेकंड में तेज धमाके के साथ आग भड़क उठी। चैंबर की दीवार पर लगे लकड़ी के पैनल वर्क भी जलने लगे। चैंबर में रखी अलमारियां, फाइल और किताबें जल गई।

### महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव संतोष के बेटे ने किया सुसाइड

# रात को पार्षद प्रत्याशी मां के पोस्टर लगवाए, सुबह फंदे पर झूला युवक

- ढाई माह पहले राजस्थान के भिवाड़ी में नौकरी छूटने और डायबिटीज की बीमारी से परेशान रहने को बताया जा रहा कारण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

नगर निगम चुनाव की सरगर्मी के बीच वार्ड-5 से निर्दलीय प्रत्याशी और कांग्रेस महिला मोर्चा की प्रदेश महासचिव संतोष कादियान के 32 वर्षीय बेटे नवीन का शव ऋषि कुंज कॉलोनी स्थित आवास पर फंदे से लटका मिला।



नवीन कादियान।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची सेक्टर-27 थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन अपनी मां के चुनाव प्रचार में पूरी तरह समर्पित थे। बुधवार देर रात तक वह वार्ड में पोस्टर और बैनर लगवाने के कार्य की निगरानी कर रहे थे। वीरवार सुबह जब परिवार के सदस्य घर की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में पहुंचे तो नवीन को फंदे पर लटका पाया।

आनन-फानन में उन्हें नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस की प्राथमिक जांच और परिजनों के बयानों से संकेत मिल रहे हैं कि नवीन पिछले कुछ समय से गंभीर मानसिक तनाव के दौर से गुजर रहे थे। वह लंबे समय से डायबिटीज की बीमारी से ग्रस्त थे। इसके अलावा करीब ढाई माह पहले राजस्थान के भिवाड़ी में उनकी निजी नौकरी भी छूट गई थी। नवीन की पत्नी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि बीमारी और बेरोजगारी के चलते वह अक्सर परेशान रहते थे। संभवतः इसी हताशा के कारण उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया।

#### दो मासूम बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

नवीन के निधन से कादियान परिवार गहरे सदमे में है। वह अपने पीछे दो छोटी बेटियां छोड़ गए हैं, जिनमें बड़ी बेटी की उम्र 11 वर्ष और छोटी की मात्र 3 वर्ष है। परिवार में उनके माता-पिता और एक बड़ा भाई भी है। चुनाव प्रचार के बीच हुई इस अनहोनी ने समर्थकों और कॉलोनीवासियों को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है ताकि मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो सके।

#### जांच की जा रही

युवक का शव ऋषि कुंज कॉलोनी में घर के अंदर फंदे पर लटका मिला है। उनकी पत्नी ने शुगर बीमारी से पीड़ित होने के चलते मानसिक रूप से परेशान रहने की बात कही है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।
- रविंद्र सिंह, पुलिस प्रवक्ता सोनीपत

## ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर सिर में ईंट मार की थी गर्लफ्रेंड की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

ब्लैकमेलिंग से तंग आकर आकर एक युवक ने गर्लफ्रेंड की सिर पर ईंट मारकर हत्या कर दी। पश्चिम बंगाल निवासी महिला का शव 22 अप्रैल को बल्लभगढ़ में मिला था।



फिरोजा उर्फ आरती।

शुक्रवार सुबह क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी युवक वीरू को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी वरुण दहिया ने बताया कि फिरोजा उर्फ आरती (44) 25 साल से फरीदाबाद में रह रही थी। वर्ष 2000 में उसने बुलंदशहर निवासी मुकेश से कोर्ट मैरिज की थी, लेकिन बाद में वह अलग हो गए थे। इसके बाद आरती सन्नी के साथ रहने लगी। कुछ समय बाद सन्नी की मौत हो गई तो वह उसके भाई राकेश के संपर्क में आई, लेकिन कुछ समय बाद राकेश की भी बीमारी के कारण मौत हो गई। इसके बाद आरती का संपर्क सन्नी और राकेश के भाई वीरू से हो गया। वीरू एनडीपीएस के मामले में जेल से छूटकर आया था और मुजेसर में रहकर एक निजी कंपनी में काम करता था। वीरू शादीशुदा था। आरोप है कि आरती अपने साथ बने संबंध का हवाला देकर वीरू को ब्लैकमेल करने लगी और उससे बार-बार पैसे मांगने लगी। कई बार वीरू ने उसे पैसे भी दिए, लेकिन लगातार ब्लैकमेलिंग से वह परेशान हो गया। पुलिस ने बताया कि 21 अप्रैल की रात आरती और वीरू बल्लभगढ़ की सब्जी मंडी के पास मिले, जहां दोनों ने शराब पी। यहां दोनों के बीच झगड़ा हो गया। गुस्से में आकर वीरू ने आरती के सिर पर ईंट से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### बाइक सुपरदारी के लिए मांगे 7 हजार रुपये

## चौकी इंचार्ज व एएसआई रिश्वत लेते गिरफ्तार

- होटल के बाहर से चोरी हुआ सामान व बाइक पुलिस ने की थी बरामद, कोर्ट दे चुकी थी सुपरदारी के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुंड चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर योगेश कुमार और एक एएसआई को 7 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिसकर्मियों ने होटल के बाहर से चोरी हुई बाइक की सुपरदारी के मामले में पैसे की मांग की थी, जबकि अदालत बाइक को मालिक को सुपुर्द करने का आदेश दे चुका था। व्यक्ति ने दोनों पुलिसकर्मियों से बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग कर ली और एसीबी को सौंप दी।

गांव नांधा निवासी श्रवण कुमार की बाइक एनएच-11 गांव पाड़ला स्थित ओल्ड अशोका होटल से 19 अप्रैल को चोरी हो गई थी। होटल मालिक सुनील कुमार मनेठी ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसका नौकर होटल से कैश व अन्य सामान के साथ श्रवण की बाइक भी चुरा ले गया था। इसके बाद पुलिस ने श्रवण की बाइक व अन्य सामान बरामद कर लिया था, जिसके बाद मामला कोर्ट में चला गया। कोर्ट ने श्रवण की इंपाउंड बाइक की सुपुर्दगी के आदेश जारी किए थे। इसके बावजूद वाहन छोड़ने के बदले कुंड चौकी इंचार्ज योगेश कुमार और एएसआई ने श्रवण कुमार से 7000 की रिश्वत की मांग की। श्रवण कुमार ने रिश्वत मांगने की फोन रिकॉर्डिंग कर ली और मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो को दे दी। एसीबी टीम की योजना के तहत वीरवार शाम करीब 7 बजे श्रवण कुमार रिश्वत की राशि लेकर कुंड चौकी पहुंचा। जैसे ही एएसआई ने 7000 की रकम ली, पहले से तैनात एंटी करप्शन ब्यूरो टीम ने मौके पर छापा मारकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। एसीबी ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज करके अदालत में पेश कर दिया है।

## अलादीन को सुभाष बना कोर्ट से सुनील को दिलाई जमानत, 2 काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

जिला अदालत में फर्जी जमानत एवं धोखाधड़ी से जुड़े एक गंभीर मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नंगथला रोड कुलेरी निवासी सचिन डूडी व आदमपुर निवासी मंजीत सिंह के रूप में हुई है।

सिविल लाइन थाना के उप निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि 12 दिसंबर 2020 को जिला एवं सत्र न्यायाधीश आदेश के अनुसार फर्जी जमानत दस्तावेज पेश करने के मामले में जांच के निर्देश दिए गए थे। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी सुनील कुमार की जमानत के लिए सुभाष के नाम पर कुलेरी निवासी अलादीन के फर्जी दस्तावेज तैयार करके अदालत में पेश होकर जमानत दिलाई गई। जांच में यह भी पाया गया कि सुभाष ने स्वयं अदालत में उपस्थित होकर स्पष्ट किया कि उसने किसी भी प्रकार की जमानत नहीं दी है और न ही वह कभी अदालत में इस संबंध में पेश हुआ। जांच के दौरान यह सामने आया कि पकड़े गए आरोपियों सचिन डूडी व मंजीत ने मिलीभगत से फर्जी आधार कार्ड एवं दस्तावेज तैयार कर अलादीन को सुभाष बना अदालत में पेश किया।

### खड़े कंटेनर से ट्रक की टक्कर, 3 की मौत

**गुरुग्राम।** मानेसर स्थित आईएमटी चौक फ्लाईओवर पर गुरुवार रात एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में ट्रक ड्राइवर दुर्गा प्रसाद ने मानेसर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। दुर्गा प्रसाद ने बताया कि वह अपने भाई शंकर बिंद के साथ अलग-अलग ट्रकों में भिवाड़ी से दिल्ली की ओर जा रहे थे। शंकर बिंद का ट्रक आगे था और दुर्गा प्रसाद उनके पीछे आ रहा था। रात करीब 2 बजे जब दोनों फ्लाईओवर पर पहुंचे, तो आगे चल रही एक गाड़ी ने अचानक लेन बदल ली। इससे शंकर बिंद के ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर खड़े कंटेनर से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि शंकर बिंद, उसका हेल्पर सुनील कुमार निवासी बलिया और एक परिचित रामराज प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई।

### आरा मशीन में आने से मजदूर की मौत

**यमुनानगर।** शहर की शिवपुरी कॉलोनी के पास स्थित आरा मशीन की चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने फैक्ट्री मालिक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी फैक्ट्री मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शिवपुरी कॉलोनी निवासी सोम पंडित ने पुलिस को बताया कि उसका चाचा 45 वर्षीय वीरभान पिछले 17 वर्षों से आशीर्वाद आरा मशीन में काम कर रहा था। पिछले कई दिनों से आरा मशीन खराब थी। उसके चाचा ने कई बार फैक्ट्री मालिक रवि टाबर को चेताया था, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। वीरवार को उसके चाचा रोजाना की तरह फैक्ट्री में काम करने के लिए गए थे। इस दौरान आरा मशीन में काम करते समय आरा मशीन ने उन्हें काट दिया, जिससे मौत हो गई।

### विदेश भेजने के नाम पर 32 लाख रुपये ठगे

## अमेरिका भेजने की जगह कई देशों में बंधक बना मजदूरी करवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

विदेश भेजने के नाम पर एक परिवार से लाखों रुपये की ठगी और मानव तस्करी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक को कानूनी रास्ते से हवाई जहाज द्वारा अमेरिका भेजने का झांसा देकर 32 लाख ऐंठ लिए। लेकिन उसे अमेरिका पहुंचाने के बजाय अलग-अलग देशों में घुमाकर बंधक बनाया गया और बंधुआ मजदूरी कराई गई। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव बेरखेड़ी के अवतार सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नारायणगढ़ के पंजलासा चौक के पास एक वॉशिंग स्टेशन चलाते हैं। उनके वाशिंग स्टेशन पर गांव रुलदू की टपरिया का रहने वाला कुलदीप सिंह अक्सर अपनी कार वॉश कराने आता था।

कुलदीप ने अवतार सिंह को बताया कि वह अपने साथियों राजेश कुमार और सतपाल वासी गांव अहार, इसराना, पानीपत के साथ मिलकर विदेश भेजने का काम करता है। अवतार सिंह ने अपने भतीजे प्रिंस को अमेरिका में रह रहे अपने बेटे के पास भेजने की बात कही। एजेंटों ने झांसा दिया कि वे प्रिंस को 42 लाख रुपये में कानूनी तरीके से हवाई जहाज के जरिए अमेरिका भेजेंगे। आरोपियों ने फाइल लगाने के नाम पर 30 दिसंबर 2024 को वॉशिंग स्टेशन पर आकर पीड़ित से 20 लाख नकद लिए।

#### जेल भी काटनी पड़ी

प्रिंस को दुबई भेजा गया जहां से वह वापस दिल्ली आ गया। एजेंटों ने मैक्सिको की फ्लाइट होने की बात कहकर 24 जनवरी 2025 को 12 लाख और नकद वसूल लिए। प्रिंस को दिल्ली से बोलिविया के लिए भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही उसे ब्राजील में उतार दिया गया। इसके बाद उसे कोलंबिया और फिर वापस ब्राजील भेजा गया। आरोपियों ने उसे कई बार मैक्सिको में दाखिल कराने की कोशिश की, लेकिन उसे अंदर नहीं जाने दिया गया। प्रिंस को 24-24 घंटे तक जेल (सेल) में बंद रखा गया। अलग-अलग देशों में भटकाने के दौरान प्रिंस को बंधक बनाकर उससे बंधुआ मजदूरी भी करवाई गई। आखिरकार, मार्च 2025 में आरोपियों ने उसे वापस दिल्ली भेज दिया। अब पैसे वापस न आने पर केस दर्ज करवाया गया।



## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र दिवस पर शेयर और मुद्रा बाजार रहे बंद

**मुंबई।** महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शेयर और मुद्रा बाजार बंद रहे।'मजदूर दिवस' के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सर्राफा बाजार में भी कोई कामकाज नहीं हो सका।

### महिंद्रा की कुल बिक्री अप्रैल में 14 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) की कुल वाहन बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 94,627 इकाई हो गई। कंपनी ने सूचना में बताया कि पिछले महीने घरेलू यात्री वाहन बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 56,331 इकाई रही जो अप्रैल 2025 में 52,330 इकाई थी।

### किआ इंडिया की बिक्री अप्रैल में 16 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी किआ इंडिया की अप्रैल 2026 में थोक बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 27,286 इकाई पर पहुंच गई। किआ इंडिया ने 2025 की समान अवधि में 23,623 वाहन बेचे थे। अप्रैल महीने में सबसे अधिक बिक्री है। निरंतर मजबूत मांग को दर्शाता है और भारतीय बाजार के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है।

### निसान मोटर की अप्रैल में बिक्री 5,388 इकाई



**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की कुल बिक्री अप्रैल में 5,388 इकाई रही। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि इसमें घरेलू बाजार की 3,203 इकाई और निर्यात के माध्यम से 2,185 इकाई शामिल हैं। वाहन विनिर्माता कंपनी के प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स ने कहा, '' नए वित्त वर्ष की सकारात्मक शुरुआत से हम बेहद उत्साहित हैं।

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत, इम्पोर्ट से होने वाली कमाई 25.8% बढ़ी

# अप्रैल में रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह, 8.7 प्रतिशत बढ़कर 2.43 लाख करोड़ पर

भाषा ▸▸| नई दिल्ली

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल महीने में 8.7 प्रतिशत बढ़कर करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सरकार के आंकड़ों से शुक्रवार को यह जानकारी मिली। इन आंकड़ों से पता चला है कि आयात से मिलने वाले राजस्व में वृद्धि ने घरेलू लेनदेन से प्राप्त संग्रह को पीछे छोड़ दिया। इससे पहले जीएसटी का सर्वकालिक उच्च संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व 4.3 प्रतिशत बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.8 प्रतिशत की तेज वृद्धि के साथ 57,580 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अप्रैल में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 52,140 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) संग्रह 61,331 करोड़ रुपये रहा। एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) से राजस्व संग्रह 1.29 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। इस अवधि में रिफंड 19.3 प्रतिशत बढ़कर 31,793 करोड़ रुपये हो गया। रिफंड समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 7.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.11 लाख करोड़ रुपये रहा। प्राइस वाटरहाउस एंड कंपनी एलएलपी में साझेदार प्रतीक जैन ने कहा कि जीएसटी में व्यापक सुधार लागू होने के बाद मासिक कर संग्रह में सात-आठ प्रतिशत की स्थिर वृद्धि अब एक सामान्य रुझान बनती दिख रही है, जो बजट अनुमानों के अनुरूप है।

**»** इससे पहले उच्च संग्रह अप्रैल 2025 में 2.23 लाख करोड़ रहा

**»** जीएसटी सुधारों के तहत करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें घटाई गईं



### अस्थिर वैश्विक माहौल के बावजूद व्यापार प्रवाह में मजबूती

डेलॉयट इंडिया में साझेदार महेश जयसिंह ने कहा कि आयात से जुड़े जीएसटी में करीब 26 प्रतिशत की वृद्धि अस्थिर वैश्विक माहौल के बावजूद व्यापार प्रवाह में मजबूती को दर्शाती है। साथ ही घरेलू जीएसटी का स्थिर प्रदर्शन बताता है कि दरों के सरलीकरण से मांग को समर्थन मिल रहा है।

### कुल कर संग्रह के आंकड़े उत्साहजनक

ईवाई इंडिया में कर साझेदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि कुल कर संग्रह के आंकड़े उत्साहजनक हैं, लेकिन घरेलू लेनदेन और आयात आधारित राजस्व के बीच अंतर होना नीतिगत पुनर्मूल्यांकन की जरूरत दर्शाता है। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बदलावों के अनुरूप मजबूत करने पर जोर दिया। सितंबर 2025 से लागू हुए व्यापक जीएसटी सुधारों के तहत करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें घटाई गईं और चार स्लैब को मिलाकर पांच एवं 18 प्रतिशत के दो कर स्लैब कर दिए गए। हालांकि कुछ विलासिता वाले एवं तंबाकू उत्पादों पर 40 प्रतिशत की उच्च दर बरकरार रखी गई है।

# आरबीआई के पास 2,000 रुपये के 98.47 प्रतिशत नोट वापस आए



एजेंसी ▸▸| मुंबई

■ केंद्रीय बैंक ने 19 मई 2023 में चलन से वापस लिए थे नोट

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि चलन में रहे 2,000 रुपये मूल्य के 98.47 प्रतिशत बैंक नोट अब तक वापस आ चुके हैं। केंद्रीय बैंक ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई के अनुसार, 19 मई, 2023 को जब यह घोषणा की गई थी, उस समय चलन में इन नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 30 अप्रैल, 2026 को घटकर 5,451 करोड़ रुपये रह गया है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा, "इस प्रकार 19 मई, 2023 तक चलन में रहे 2,000 रुपये के 98.47 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं।/"

### नोट बदलने की सुविधा उपलब्ध

बैंक ने कहा कि 19 मई, 2023 से उसके 19 निर्गम कार्यालयों में 2,000 रुपये के नोट बदलने की सुविधा उपलब्ध है। नौ अक्टूबर, 2023 से इन कार्यालयों में व्यक्ति और संस्थाएं अपने बैंक खातों में जमा के लिए भी ये नोट दे सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि 2,000 रुपये के बैंक नोट अभी भी वैध मुद्रा बने हुए हैं।

### यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट एंग्लिया (यूके) के साथ बीबीए सेमेस्टर-अब्रॉड (ट्विनिंग) कार्यक्रम का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने गर्व के साथ यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट एंग्लिया, यूके के साथ अपने बीबीए सेमेस्टर-अब्रॉड (ट्विनिंग) कार्यक्रम के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की। यह प्रतिष्ठित समारोह नई दिल्ली स्थित ले मेरिडियन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ नेतृत्व एवं विशिष्ट प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जो वैश्विक शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है। समारोह में माननीय प्रो-चांसलर श्री अभिषेक गुप्ता, माननीय कुलपति प्रो. रघुवीर सिंह, के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शैक्षणिक नेतृत्व तथा यूईए के सीनियर प्रो-वाइस-चांसलर एवं डिप्टी वाइस-चांसलर प्रो. स्टीवन मैकग्वायर विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह विशिष्ट कार्यक्रम के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को यूके की अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक, यूईए में 6 माह से 1 वर्ष तक अध्ययन करने का विशेष अवसर प्रदान करता है। यूईए अपने आधुनिक परिसर, सशक्त शैक्षणिक प्रतिष्ठा और समृद्ध छात्र परिवेश के लिए विश्वभर में विख्यात है। इस पहल की प्रमुख विशेषता महत्वपूर्ण ट्यूशन फीस में छूट है, जिससे अंतरराष्ट्रीय शिक्षा को अधिक सुलभ और किफायती बनाया जा सके। साथ ही, यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण, आत्मनिर्भरता तथा करियर-उन्मुख कौशल विकसित करने में सक्षम बनाता है। यह साझेदारी के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय की अपने विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय अवसर प्रदान करने तथा सार्थक वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में बाजार से 60,847 करोड़ रुपये निकाले

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



■ वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के कारण जोखिम प्रमुख वजह

विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में लगातार बिकवाली जारी रखते हुए अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये (करीब 6.5 अरब डॉलर) की निकासी की। भू-राजनीतिक तनाव का बढ़ना और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण जोखिम लेने की क्षमता का प्रभावित होना इसकी मुख्य वजह रही। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, इस ताजा निकासी के साथ 2026 के पहले चार महीनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की कुल निकासी 1.92 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है जो समूचे 2025 में दर्ज 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से भी अधिक है। वर्ष 2026 में फरवरी को छोड़कर सभी महीनों में एफपीआई शुद्ध विक्रेता रहे। जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये की निकासी हुई जबकि फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश आया जो 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक निवेश था। मार्च में हालांकि रुख अचानक बदला और रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई जो अप्रैल में भी 60,847 करोड़ रुपये की निकासी के साथ जारी रही। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि निरंतर बिकवाली वैश्विक आर्थिक दबावों और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों का परिणाम है। तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया जिससे वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गईं।

### निवेशकों का भरोसा प्रभावित हुआ

खान ने कहा कि कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने, रुपये के कमजोर होने और महंगाई व चालू खाता घाटे की चिंताओं के कारण निवेशकों का भरोसा प्रभावित हुआ है।

## मारुति की बिक्री रिकॉर्ड 2,39,646 इकाई पर...



नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की अप्रैल में कुल बिक्री 33.29 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,39,646 इकाई रही। इस अवधि के दौरान छोटी कारों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी ने बताया कि 2025 के इसी महीने में मारुति सुजुकी इंडिया ने कुल 1,79,791 इकाइयों की बिक्री की थी। अप्रैल में कंपनी की घरेलू बिक्री भी बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 1,91,122 इकाई पर पहुंच गई, जो 2025 के इसी महीने में 1,42,053 इकाई थी। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थ बनर्जी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, /"हमने इस वर्ष की शुरुआत जोरदार तरीके से की है। इस वृद्धि में छोटी कारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।/"

## महंगे जेट फ्यूल ने भारतीय एविएशन सेक्टर की कमर तोड़ दी

# एयर इंडिया की उड़ानों में कटौती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महंगे जेट फ्यूल ने भारतीय एविएशन सेक्टर की कमर तोड़ दी है और अब इसका सीधा असर फ्लाइट ऑपरेशंस पर दिखने लगा है। एयर इंडिया ने बढ़ती लागत के दबाव में रोजाना करीब 100 उड़ानें कम करने का फैसला लिया है। घरेलू और इंटरनेशनल दोनों रूट्स पर यह कटौती लागू होगी। कटौती खासतौर पर यूरोप, नॉर्थ अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर जैसे रूट्स पर सेवाओं में बड़ी कमी देखने को मिलेगी। 1 मई 2026 को भी मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में हुई बढ़ोतरी के चलते, अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों के लिए जेट ईंधन (एटीएफ) की कीमत में 76.55 अमेरिकी डॉलर प्रति किलोलीटर की वृद्धि हुई है। यूरोप, नॉर्थ अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर जैसे प्रमुख रूट्स पर सेवाओं में कमी की जाएगी, जहां फ्यूल लागत सबसे अधिक पड़ रही है। इंडस्ट्री सूत्रों के मुताबिक, जेट फ्यूल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव ने एयरलाइंस के मुनाफे पर गहरा असर डाला है। दिल्ली में एटीएफ की कीमत मार्च के मुकाबले लगभग दोगुनी हो चुकी है, जिससे ऑपरेटिंग लागत तेजी से बढ़ी है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए), जिसमें इंडिगो, एयर इंडिया और स्पाइसजेट शामिल हैं।

## राशिफल

**मेष:** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन:** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह:** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या:** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## एचएमएसआई की बिक्री 17%बढ़ी



**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचएमएसआई) की अप्रैल 2026 में कुल बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 5.63 लाख इकाई पहुंच गई। एचएमएसआई ने वर्ष 2025 की समान अवधि में 4.80 लाख वाहन बेचे थे। कंपनी ने बयान में कहा कि अप्रैल 2026 में घरेलू बिक्री 14.7 प्रतिशत बढ़कर 4.84 लाख इकाई रही, जो 2025 की समान अवधि में 4.22 लाख इकाई थी। एचएमएसआई ने बताया कि इस अवधि में निर्यात 37.4 प्रतिशत बढ़कर 79,600 इकाई हो गया, जबकि 2025 के समान महीने में यह 57,900 इकाई था। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, दोपहिया बाजार के सभी खंडों में मांग मजबूत बनी हुई है।

# व्हीलचेयर, बैसाखी के लिए नए सुरक्षा मानक किए तय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने 'एल्बो क्रच' (बैसाखी) से लेकर 'पोर्टेबल व्हीलचेयर रैंप' जैसे सहायक उत्पादों के लिए छह नए मानक जारी किए हैं। इसका मकसद देश में दिव्यांगों की सहायता के लिए उत्पाद बनाने वाले उद्योग को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक, ये मानक भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की आवश्यक सहायक उत्पादों की राष्ट्रीय सूची पहल के तहत तैयार किए गए हैं। इनमें आवाजाही के लिए मददगार उपकरण, टेक्टाइल नक्शों और ब्रेल साइनेज के लिए सुलभ डिजाइन एवं व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं के लिए पोर्टेबल रैंप शामिल हैं। 'एल्बो क्रच' (कोहनी वाली बैसाखियों) के लिए जारी मानक आईएस 18558 (भाग 1): 2025, अंतरराष्ट्रीय आईएसओ 11334-1 मानक के अनुरूप है। इसमें पूरी तरह सुसज्जित बैसाखियों के लिए आवश्यकताएं और परीक्षण विधियां निर्धारित की गई हैं जिनमें हैंडग्रिप और टिप शामिल हैं। इन मानकों में सुरक्षा, एर्गोनॉमिक्स, प्रदर्शन और मार्किंग एवं लेबलिंग जैसे विनिर्माताओं द्वारा दी जाने वाली अनिवार्य जानकारी को शामिल किया गया है।वॉकिंग स्टिक (छड़ी) के लिए दो अलग-अलग मानक बनाए गए हैं। आईएस 5145: 2026...यह भारतीय मानक है जिसमें लकड़ी, बांस, एल्युमिनियम, प्लास्टिक और रबर से बनी छड़ियों के लिए सामग्री, आकार, आयाम, फिनिश और प्रदर्शन से जुड़े मानदंड तय किए गए हैं। आईएस 18558 (भाग 4): 2025 मानक आईएसओ 11334-4 के अनुरूप है और तीन या अधिक पैरों वाली छड़ियों के लिए हैंडल, टिप, सुरक्षा और प्रदर्शन मानकों को निर्धारित करता है।

**GOVT. COLLEGE, NAHAR (REWARI)**
www.gcnahar.ac.in,
Email: gcnahar80@gmail.com
Ph. 01259-271627, 01259-271827

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय महाविद्यालय नाहड़ की कृषि योग्य भूमि (12 किला 6 कनाल 1 मरला कॉलेज के पीछे की जमीन) को पट्टे पर देने हेतु दिनांक 04.05.2026 को सुबह 10:00 बजे महाविद्यालय प्रांगण में बोली लगाई जाएगी। इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त दिनांक एवं समय पर महाविद्यालय में उपस्थित हों।
**नोट:-** नियम एवं शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।
हस्ता/- प्राचार्य, रा. महा. नाहड

**खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, महम**
**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति महम की 4.5 बीघा खंड कार्यालय के साथ लगती तथा हिसार बाईपास रोड पर 43 कनाल 1 मरला कृषि योग्य जमीन वित्त वर्ष 2026-27 के लिए खंड कार्यालय में दिनांक 08.05.2026 को प्रातः 10 बजे पट्टे पर खुली बोली द्वारा दी जानी है। बोली के लिए इच्छुक व्यक्ति 4.5 बीघा के लिए मु. 5000/- रूपये 43 कनाल 1 मरला के लिए मु. 10000/- रूपये की राशी मौके पर जमा करवाकर बोली लगा सकता है। बाकी की शर्ते मौके पर सुना दी जाएगी।
हस्ता/- खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, महम

**न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी फतेहाबाद जिला फतेहाबाद**
*तेलु राम बनाम श्रीमति कमला आदि*
मुकदमा नम्बर : 50-पी
तारीख दायरा : 8-12-2025
आगामी पेशी : 20-5-2026

दरखास्त बराये तकसीम बाबत अराजी खेवट नम्बर 106 खतौनी नम्बर 114 किता 18 रकबा तादादी 114 कनाल 19 मरला वा अराजी खेवट नम्बर 108 खतौनी नम्बर 116 किता 6 रकबा तादादी 48 कनाल 0 मरला कुल तादादी 162 कनाल 19 मरला वाक्या मौजा ढाणी बिन्जा लाम्बा तहसील वा जिला फतेहाबाद ।
प्रार्थी ने उपरोक्त शीर्षक दरखास्त तकसीम दायर करके प्रार्थना की है कि उपरोक्त अराजी की तकसीम नियम अनुसार की जावे। अदालत द्वारा कई बार उतरवादी नम्बर 8 मनदीप पुत्र विनोद कुमार पुत्र नेकी राम निवासी ढाणी बिन्जा लाम्बा तहसील वा जिला फतेहाबाद को तलब करने के लिये सम्मन जारी किये लेकिन उतरवादी नम्बर 8 जानबूझ कर तामिल करने से बच रहा है और अदालत को यकीन हो चुका है कि उतरवादी नम्बर 8 की साधारण तरीका से तामिल ना हो सकती है। अतः इस विज्ञापन द्वारा उतरवारदी को सुचित किया जाता है कि वे दिनांक 20-5-2026 को इस न्यायालय मे असालतन या वकालतन पेश होकर जवाब देही करे वरना एक तरफा कारवाई अमल में लाई जावेगी। यह आदेश आज दिनांक 30-04-2026 को इस न्यायालय की मोहर वा मेरे हस्ताक्षर सहित जारी किया गया है
-सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी फतेहाबाद


**खेल विभाग, हरियाणा।**
**कार्यालय:- जिला खेल अधिकारी, जीन्द।**
Ph-01681-246281 Email:- dsojnd@gmail.com

पत्र क्रमांक-खेल-2026/1737-38. दिनांक- 30.04.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अर्जुन स्टेडियम जीन्द में स्थापित सात सीढियों को खुली बोली द्वारा किराये पर दिया जाना है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 11.05.2026 तक सांय 4.00 बजे तक जिला खेल कार्यालय अर्जुन स्टेडियम जीन्द में 1,50,000 रू० सिक्योरिटी राशि जमा करवा कर दिनांक 12.05.2026 को प्रातः 11.00 बजें जिला खेल कार्यालय अर्जुन स्टेडियम जीन्द में बोली दे सकता है। बाकी नियम व शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।
हस्ता/-सचिव, जिला खेल परिषद एवं जिला खेल अधिकारी, जीन्द।

## शब्द पहेली - 6213




**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 6212 का हल





## खबर संक्षेप

### आनंद ने तेलंगाना के डीजीपी का पद संभाला



**हैदराबाद।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी सीवी आनंद ने शुक्रवार को तेलंगाना के नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का कार्यभार संभाल लिया और कहा कि राज्य पुलिस साइबर अपराधों, मादक पदार्थों के खतरे और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि वह पिछली बीआरएस सरकार के दौरान कथित फोन टैपिंग से संबंधित मामले की जांच की समीक्षा करेंगे।

### जनगणना : 82 लाख परिवारों ने स्व गणना की

**नई दिल्ली।** वर्ष 2027 जनगणना के प्रारंभिक गृहसूचीकरण और आवास गणना (एचएलओ) चरण के दौरान अब तक लगभग 82 लाख परिवारों ने स्व-गणना सुविधा का लाभ उठाया है। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में,अधिसूचित 15 दिवसीय स्व-गणना अवधि की समाप्ति के बाद शुक्रवार को गणना कर्मियों ने एचएलओ के तहत क्षेत्र में जमीनी कामकाज शुरु किया। यह अभियान 30 मई, 2026 तक चलेगा।

### बेंगलुरुः दीवार ढहने की जांच दो समितियां करेंगी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु स्थित बोरिंग और लेडी कर्जन अस्पताल की चारदीवारी ढहने की घटना की जांच के लिए दो समितियों का गठन किया है। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई थी। दोनों समितियों से एक हफ्ते के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा गया है। सरकारी आदेश के मुताबिक, बेंगलुरु शहरी जिले के उपायुक्त और येलहंका के तहसीलदार की सदस्यता वाली पहली समिति स्थानीय स्तर पर घटना की जांच करेगी।

### यूपी-बिहार में 2 दिन में आंधी-बारिश से 32 मौतें

**लखनऊ।** पिछले 15 दिन से भीषण गर्मी झेल चुके देश के बड़े हिस्से में गुरुवार को तेज हवाओं के साथ बारिश से कुछ राहत मिली। यूपी, दिल्ली, बिहार, झारखंड में आंधी-बारिश और ओले गिरने से तापमान में 3-5°C तक की गिरावट हुई। यूपी में गुरुवार को दो दिनों के दौरान आंधी-बारिश से 17 लोगों की मौत हो गई। बिहार में भी 5 लोगों की मौत हुई है। बेंगलुरु में बुधवार रात बारिश और आंधी से मरने वालों की संख्या 10 हो गई है।

### एफटीआईआई प्रवेश परीक्षा फिर कराएगा

**नई दिल्ली।** भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) ने सभी अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा दोबारा आयोजित करने का निर्णय लिया है ताकि समान, निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके। यह निर्णय हाल ही में दिल्ली केंद्र पर हुई कुछ परिचालन संबंधी कमियों और बड़ी गड़बड़ी के बाद लिया गया है। पुणे स्थित संस्थान ने कहा कि 26 अप्रैल को आयोजित प्रवेश परीक्षा की जांच के लिए गठित समिति के निष्कर्षों और सिफारिशों के आधार पर दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी।

---


मुंबई में महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने किया उद्घाटन

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर 'मिसिंग लिंक' का लोकार्पण
# अब जाम से छुटकारा, एक्सप्रेस वे की दूरी 6 किमी घटी



दुनिया की सबसे चौड़ी सुरंग के तौर पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के दावेदार के रूप में पेश किया गया

**मुंबई।** मुंबई में महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को यशवंतराव चव्हाण मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे के 'मिसिंग लिंक' स्ट्रेच का उद्घाटन किया। इस प्रोजेक्ट से ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं में भारी कमी आएगी और यात्रा पूरी तरह सिग्नल-फ्री, तेज और सुरक्षित बनेगी। यह परियोजना राज्य में बेहतर समन्वय और तेज यातायात की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के मिसिंग लिंक प्रोजेक्ट में लगभग 22.33 मीटर चौड़ी एक सुरंग शामिल है, जिसे दुनिया की सबसे चौड़ी सुरंग के तौर पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के दावेदार के रूप में पेश किया गया है।



### इस प्रोजेक्ट की ये हैं खासियतें

- लंबाई: लगभग 10.5 किमी
- दो विशाल टनल (22.33 मीटर चौड़ी टनल
- टाइगर वैली पर 182 मीटर ऊंचा केबल-स्टेड ब्रिज
- तेज बारिश, 70 किमी/घंटा हवाओं व कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में निर्माण
- लोनावाला तालाब के 182 मीटर नीचे से अंडर टनल बनाया गया है

### मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर अक्सर जाम लगता था

मुंबई से पुणे की यात्रा लंबे समय तक लोगों के लिए परेशानी का सबब रही है। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर सफर शुरू करते ही जहां कुल समय 3 से 4 घंटे तक पहुंच जाता था, वहीं सबसे बड़ी चुनौती खालापुर टोल पार करने के बाद लोनावला-खंडाला घाट सेक्शन में देखने को मिलती थी। करीब 6 किलोमीटर के इस घाट सेक्शन में अक्सर भारी जाम लग जाता था। कई बार कुछ मिनटों का जाम घंटों में बदल जाता और लोगों को 1 से 2 घंटे तक फंसे रहना पड़ता था। स्थिति तब और खराब हो जाती थी जब कोई टैंकर या भारी वाहन पलट जाता, जिससे पूरा हाईवे 8-9 घंटे तक ठप हो जाता था। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर बहुप्रतीक्षित 13.3 किलोमीटर लंबी 'मिसिंग लिंक' परियोजना के उद्घाटन के दिन शुक्रवार को मार्ग पर दोनों ओर से जाम लग गया, जिसके चलते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यात्रियों से माफी मांगी है।

---

केंद्रीय गृह मंत्री ने 2569वें बुद्ध पूर्णिमा समारोह का उद्घाटन किया

लद्दाख में बुद्ध अवशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ, बोले- शांति व सहअस्तित्व का संदेश और प्रासंगिक

# सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा लद्दाख : शाह

लद्दाख के दो-दिवसीय दौरे पर आए गृह मंत्री ने कहा कि वह सात साल बाद इस केंद्र शासित प्रदेश आए हैं और बुद्ध पूर्णिमा पर यहां आना उनका सौभाग्य है।

लद्दाख में 75 साल बाद लौटे बुद्ध के अवशेष

भाषा ▶▶ लेह/जम्मू

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की 75 साल बाद लद्दाख वापसी को 'ऐतिहासिक पुनर्मिलन' बताते हुए कहा कि केंद्रशासित प्रदेश सदियों से 'धर्म की जीवंत भूमि' रहा है जिसने बौद्ध ज्ञान को सहेजा एवं पोषित किया है। शाह ने आधुनिक समय में बुद्ध की शिक्षाओं की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए कहा कि शांति, करुणा एवं मध्यम मार्ग का संदेश 2,500 साल पहले की तुलना में आज कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। लद्दाख के दो दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लेह में तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेषों को दर्शनार्थ रखे जाने के कार्यक्रम और 2569वें बुद्ध पूर्णिमा समारोह का उद्घाटन किया। शाह ने उद्घाटन के बाद कहा कि लद्दाख सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा है। जब दलाई लामा यहां आते हैं, तो वह कहते हैं कि यह भूमि केवल भौगोलिक जमीन नहीं, बल्कि बौद्ध संस्कृति एवं करुणा की जीवंत प्रयोगशाला है। उन्होंने लद्दाख को करुणा की भूमि बताते हुए कहा कि इस भूमि ने ज्ञान को सहेजा और पोषित किया है। उन्होंने कहा कि जब भी बौद्ध धर्म संकट में पड़ा, इस भूमि ने बुद्ध की शिक्षाओं की रक्षा के लिए काम किया और जब शांति लौटी, तो इसने उस संरक्षित ज्ञान को विस्तार देने और आगे बढ़ाने में मदद की।'



### आधुनिक मोबाइल 'मिल्क कलेक्शन' एवं 'कूलिंग सिस्टम'

दूध संग्रह के लिए आधुनिक मोबाइल 'मिल्क कलेक्शन' एवं 'कूलिंग सिस्टम' स्थापित किया जाएगा जिससे किसानों से सीधे दूध संग्रह, गुणवत्ता संरक्षण और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। किसानों की आय बढ़ाने और खरीद प्रणाली में पारदर्शिता आएगी।सुनिश्चित करने प्रयास का हिस्सा हैं। बिजली से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने, दूध संग्रह को सुव्यवस्थित करने और किसानों को समय पर डिजिटल भुगतान सुनिश्चित करने के उपाय भी किए गए हैं।

**सौर ऊर्जा से संचालन :** यह सौर ऊर्जा आधारित संयंत्र हजारों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ देगा, उनकी आय बढ़ाएगा और स्थानीय कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत करेगा। मोबाइल प्रयोगशालाओं की तैनाती, कोल्ड चेन नेटवर्क का विस्तार भी किया जाएगा। और डिजिटल ऑटोमेटेड मिल्क कलेक्शन सिस्टम (एएमसीएस) को अपनाने जैसे कदम भी जारी हैं जिससे दक्षता बढ़ेगी। इसके अलावा पनीर और दही जैसे उत्पादों के जरिये मूल्य संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

कई परियोजनाएं शुरू कीं

### कारगिल में 10,000 लीटर दूध वाली डेयरी प्लांट की रखी आधारशिला



**लेह/जम्मू।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कारगिल में 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की शुक्रवार को आधारशिला रखी। शाह ने लद्दाख और कारगिल में डेयरी अवसंरचना को मजबूत करने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत और नई योजनाओं की घोषणा की। मंत्री ने साथ ही लद्दाख के लिए डेयरी विकास से जुड़ी कई ऑनलाइन माध्यम से पहल पेश कीं। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ये पहल पेश की गई हैं। इनमें मोबाइल दूध परीक्षण प्रयोगशालाएं, आधुनिक दूध शीतलन प्रणाली और डेयरी अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है।

---



# अटारी बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी का समय बदला

## अब शाम 6 से 6:30 बजे तक होगी

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

अमृतसर स्थित भारत-पाकिस्तान अटारी बॉर्डर पर होने वाली प्रसिद्ध रिट्रीट सेरेमनी के समय में बदलाव किया गया है। नए निर्णय के अनुसार अब रिट्रीट सेरेमनी शाम 6 बजे से शुरू होकर 6:30 बजे तक चलेगी। इससे पहले रिट्रीट 5:30 बजे शुरू होकर 6 बजे खत्म हो रही थी। मौसम और दिन की घटती-बढ़ती रोशनी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने यह फैसला लिया है। अधिकारियों का कहना है कि दर्शकों को बेहतर अनुभव देने और सुरक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए समय में यह बदलाव जरूरी था। अटारी-वाघा बॉर्डर पर हर रोज होने वाली इस देशभक्ति से भरपूर सेरेमनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

### देशभक्ति की झलक देखने को मिलती है

यह नया समय आज यानी 1 मई से लागू कर दिया गया है। यानी अब जो भी पर्यटक या स्थानीय लोग इस सेरेमनी को देखने की योजना बना रहे हैं, उन्हें नए समय के अनुसार ही पहुंचना होगा। बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी भारत और पाकिस्तान के सैनिकों द्वारा की जाने वाली एक विशेष परंपरा है, जिसमें जोश, अनुशासन और देशभक्ति की झलक देखने को मिलती है।

### आईएफएफआई की कमान गोवारिकर को



**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गोवा में आयोजित होने वाले 57वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए प्रख्यात फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर को महोत्सव निदेशक नियुक्त किया है। यह महोत्सव नवंबर में होगा। आशुतोष भारतीय सिनेमा के जाने-माने फिल्म निर्माता हैं।

### आरोप मुक्त होने पर ईडी किसी केस को बंद न करेः एएसजी राजू

**नई दिल्ली।** अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने गुरुवार को कहा कि जब अदालतें मूल अपराधों में आरोपियों को बरी कर देती हैं या उन्हें आरोप-मुक्त कर देती हैं तो ईडी को ऐसे नतीजों को मामले का अंत नहीं समझना चाहिए, बल्कि उन्हें नए सिरे से जांच फिर से शुरू करनी चाहिए। राजू की ये बातें दिल्ली शराब नीति मामले से जोड़ कर देखी जा रही है।

---

जरूरी जानकारी देने से इनकार किया, आरोपी पर केस दर्ज

# बेंगलुरु में जनगणना के लिए पहुंची महिला कर्मचारी से की बदसलूकी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बेंगलुरु में नेशनल जनगणना के काम के दौरान एक महिला अधिकारी के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है, जिसने महिला कर्मचारी को गाली दी और काम करने से रोका। पुलिस ने बताया कि घटना 30 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे की है। महिला एन्यूमरेटर जनगणना के काम के लिए टी दसरहल्ली इलाके के मल्लासंद्रा में एक घर पर गई थीं। उसी दौरान आरोपी ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 और जनगणना अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। बागलगुंटे पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, बेंगलुरु नॉर्थ सिटी कॉर्पोरेशन ने लोगों से अपील की है कि वे जनगणना के काम में सहयोग करें, ताकि यह प्रक्रिया सही तरीके से पूरी हो सके।

### कर्मचारी से गाली-गलौज की

शिकायत जनगणना सुपरवाइजरी ऑफिसर योगेश ओ जी ने दर्ज कराई है। उनके मुताबिक आनंद मुनियप्पा नाम के व्यक्ति ने जनगणना का काम रोकने की कोशिश की और महिला कर्मचारी से गाली-गलौज की। एफआईआर में कहा गया है कि उसने जरूरी जानकारी देने से भी इनकार कर दिया। आरोपी ने महिला अधिकारी को उनकी ड्यूटी करने से भी रोका।

---

सुप्रीम कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

# पवन खेड़ा को अब असम पुलिस नहीं करेगी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को शीर्ष अदालत से बड़ी राहत मिली है। अब असम पुलिस पवन खेड़ा को गिरफ्तार नहीं कर पाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा को अग्रिम जमानत दे दी है। अब मामले की अगली सुनवाई तक यह राहत जारी रहेगी। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पवन खेड़ा के खिलाफ असम पुलिस ने मानहानि और जालसाजी का केस दर्ज किया था। यह केस तब दर्ज किया गया था, जब कांग्रेस नेता ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा की पत्नी पर आरोप लगाए थे। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एएस चांदुरकर की बेंच ने यह फैसला दिया। इस बेंच ने गुरुवार को मामले में सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलील सुनी थी और इसके बाद बेंच ने फैसले को सुरक्षित रख लिया था। पवन खेड़ा की ओर से गुरुवार को अभिषेक मनु सिंघवी ने जोरदार दलीलें रखी थीं।

---

दिल्ली में 'पीयूसी नहीं तो ईंधन नहीं'

# 4 दिन में 15 ,000 से अधिक वाहनों को नहीं मिला ईंधन

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए बगैर 'पीयूसी प्रमाणपत्र वाले वाहनों को ईंधन नहीं देने' के नियम का सख्ती से पालन करने की दिल्ली सरकार की हिदायत पर अमल करते हुए पेट्रोल पंपों से 26 से 29 अप्रैल के बीच चार दिनों में 15,000 से अधिक वाहनों को बिना ईंधन के वापस भेज दिया गया। 'पीटीआई-भाषा' द्वारा प्राप्त आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। यह कदम शहर में व्याप्त वायु गुणवत्ता संकट से निपटने के लिए मौजूदा नियमों के जमीनी स्तर पर सख्त कार्यान्वयन का संकेत देता है। सरकार ने 22 अप्रैल को दोहराया था कि वैध प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाणपत्र के बिना वाहनों को दिल्ली में ईंधन नहीं दिया जाएगा, जिस पर अमल करते हुए यह कदम उठाया गया। हालांकि यह प्रावधान अक्टूबर 2025 में लागू किया गया था।

---

**अध्ययन** अनुसंधानकर्ताओं ने एशिया के सबसे स्वच्छ गांव मावलिननॉन्ग में खोजा

# मेघालय में मिली जुगनू की दो नई प्रजातियां

अध्ययन असम डॉन बॉस्को विवि शोधकर्ता एम्मा नोंगलांग की टीम ने किया

## डायफेन्स मेघालयनस और डायफेन्स मावलिननॉन्ग नाम दिया

भाषा ▶▶ शिलांग

एशिया के सबसे स्वच्छ गांव के रूप में ख्याति प्राप्त मेघालय के मावलिननॉन्ग के साथ एक और खासियत जुड़ गई है। यहां पर अनुसंधानकर्ताओं ने जुगनू की नयी प्रजातियों की खोज की है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में मेघालय के पहले वैज्ञानिक रूप से दर्ज किए गए चमकदार कीड़ों का दस्तावेजीकरण किया है।

अधिकारियों ने बताया कि असम के डॉन बॉस्को विश्वविद्यालय की एम्मा मैग्डलीन नोंगलांग के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में पूर्व में अज्ञात दो प्रजातियों, डायफेन्स मेघालयनस और डायफेन्स मावलिननॉन्ग की पहचान की गई है, जिनमें से बाद वाली प्रजाति का नाम उस गांव के नाम पर रखा गया है, जहां इसे पहली बार दर्ज किया गया था।

### भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट देखा गया

जहां एक ओर राज्य में कई क्षेत्रों में डायफेन्स मेघालयनस पाई गई, वहीं डायफेन्स मावलिननॉन्ग को भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट मावलिननॉन्ग गांव के घने जंगलों में देखा गया।



अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि जुगनू अपेक्षाकृत उन इलाकों में पाए गए जहां हस्तक्षेप अपेक्षाकृत नहीं है, जिनमें अर्ध-सदाबहार वन और झरनों के पास बांस के झुरमुट शामिल हैं। इन इलाकों में मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम है और कृत्रिम प्रकाश का स्तर बहुत कम है। क्षेत्र का अवलोकन करने पर जानकारी मिली की कि डायफेन्स मेघालयनस 18-20 डिग्री सेल्सियस की ठंडी, आर्द्र परिस्थितियों में रहते हैं, और नर जमीन से 10-15 मीटर की ऊंचाई पर उड़ते समय हल्के हरे रंग की रोशनी उत्सर्जित करते हैं। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक इसके विपरीत,डायफेन्स मावलिननॉन्ग घने वन क्षेत्रों में पाए गए। नर जुगनू अधिक ऊंचाई पर उड़ते हैं, जबकि पंखहीन मादाएं चट्टानों के नीचे पाई गईं, जिससे धीमी और लंबे समय तक रहने वाली रोशनी उत्पन्न होती है।

### प्रकाश प्रदूषण के प्रति अत्यधिक संवेदनशील

नोंगलांग ने कहा कि जुगनु प्रकाश प्रदूषण के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होते हैं। प्राकृतिक अंधेरा कम होने पर अक्सर उनकी संख्या में गिरावट आती है। सह-अनुसंधानकर्ता जेन वानरी शांगप्लियांग ने कहा कि जुगनू पर्यावरण के स्वास्थ्य और पारिस्थितिक संतुलन के प्रमुख संकेतक के रूप में कार्य करते हैं। अनुसंधान दल का मानना है कि मेघालय की विविध स्थलाकृति और ऊंचाई में अंतर के कारण जुगनू प्रजातियों की समृद्ध लेकिन काफी हद तक अज्ञात विविधता मौजूद हो सकती है। यह खोज भविष्य में वैज्ञानिक सर्वेक्षणों की आवश्यकता को उजागर करती है।

---

# एक कुर्सी, तीन दावेदार... केरलम में मचा सीएम की कुर्सी पर कांग्रेस में घमासान

### एग्जिट पोल के बाद कांग्रेस में बढ़ी अंदरूनी खींचतान

**तिरुवनंतपुरम।** केरलम में विस चुनाव के लिए 9 अप्रैल को वोटिंग हुई और अभी नतीजे भी नहीं आए कि कांग्रेस के अंदर मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए होड़ शुरू हो गई। एग्जिट पोल में यूडीएफ यानी कांग्रेस गठबंधन को बढ़त मिलती दिख रही है। बस इतना काफी था कि सोशल मीडिया पर तीन नेताओं के समर्थक अपने-अपने नेता को मुख्यमंत्री बनाने की मांग करने लगे। पोस्टर लग गए, वीडियो वायरल हुए और पोस्टर वॉर इतनी बुरी हो गई कि पार्टी दफ्तर के बाहर ही एक नेता के खिलाफ पोस्टर लग गए। केरलम में अभी एलडीएफ यानी वामपंथी गठबंधन की सरकार है जिसके मुखिया सीपीआईएम है।



### वीडी सतीशन के

मुख्यमंत्री की दौड़ में पहले नाम हैं वीडी सतीशन के. का। वो अभी केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। एग्जिट पोल में उन्हें सबसे पसंदीदा सीएम चेहरा बताया गया है, लेकिन उनकी राह आसान नहीं है। उन्होंने कभी कोई मंत्री पद नहीं संभाला। तीनों में सबसे कम उम्र के हैं। पार्टी के कुछ बड़े नेताओं के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे नहीं हैं। अगर यूडीएफ 100 से ज्यादा सीटें जीतती है तो वो आगे हो सकते हैं लेकिन अगर करीब 80 सीटें आईं तो उनकी राह मुश्किल होगी।

### केसी वेणुगोपाल

दूसरे दावेदार हैं केसी वेणुगोपाल। वो कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव हैं और पार्टी संगठन में बहुत ताकतवर माने जाते हैं। उनके समर्थकों ने सोशल मीडिया पर उनकी भूमिका गिनाते हुए पोस्टर लगाए। इस बार सबसे ज्यादा कांग्रेस उम्मीदवार उनकी पसंद के हैं जो उनके पक्ष में जा सकता है लेकिन एक बड़ा सवाल यह है कि क्या पार्टी का हाई कमान अपने संगठन महासचिव को किसी राज्य का सीएम बनाने देगा?

### रमेश चेन्निथला

तीसरे दावेदार हैं रमेश चेन्निथला। सबसे अनुभवी नेता हैं। उनके समर्थकों ने उनके अनुभव पर एआई वीडियो बनाकर वायरल किया। गठबंधन के साझेदारों के साथ, धार्मिक संगठनों के साथ और सभी पार्टियों के नेताओं के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं।

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत जीएसटी संग्रह

नए वित्त वर्ष के पहले ही महीने अप्रैल में 2.42 लाख करोड़ रुपये का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह न केवल एक सांख्यिक उपलब्धि है, बल्कि यह देश की आर्थिक मजबूती और कर प्रणाली की परिपक्वता का भी संकेतक है। पिछले वर्ष अप्रैल की तुलना में 8.7% की वृद्धि इस बात को रेखांकित करती है कि तमाम वैश्विक और घरेलू चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी गति बनाए हुए है। दरअसल, जीएसटी संग्रह को किसी भी अर्थव्यवस्था की नब्ज माना जाता है, क्योंकि यह सीधे तौर पर उपभोग, उत्पादन और व्यापारिक गतिविधियों से जुड़ा होता है। जब संग्रह बढ़ता है, तो इसका अर्थ है कि बाजार में मांग बनी हुई है, कारोबार चल रहा है और उपभोक्ता खर्च करने को तैयार हैं। अप्रैल 2026 के आंकड़े इसी सकारात्मक प्रवृत्ति की पुष्टि करते हैं। कर संग्रह केवल कागजी नहीं, बल्कि वास्तविक आर्थिक गतिविधियों से प्रेरित है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत तस्वीर पेश करता है। इससे पहले सबसे ज्यादा कलेक्शन अप्रैल 2025 में 2.23 लाख करोड़ रुपये रहा था। बता दें कि सरकार द्वारा अक्टूबर में जीएसटी दरों में की गई कटौती ने उपभोक्ता को प्रोत्साहित किया है। आम उपभोक्ता को राहत मिलने से बाजार में मांग बढ़ी है, जिसका सीधा असर कर संग्रह पर पड़ा है। यह संतुलन एक ओर दरों में राहत और दूसरी ओर संग्रह में वृद्धि नीतिगत दक्षता को दर्शाता है, लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। शुक्रवार से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी ने महंगाई के मोर्चे पर नई चिंता खड़ी कर दी है। इसका असर भी पहले ही दिन से दिखने लगा है। होटल, ढाबा और खानपान उद्योग के लिए गैस एक प्रमुख लागत है। इसकी कीमत बढ़ने से न केवल इन व्यवसायों की लागत बढ़ेगी, बल्कि इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर भी पड़ेगा। खोमचे, रेहड़ी-पटरी और छोटे विक्रेताओं के लिए यह और भी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, क्योंकि उनके पास लागत को समायोजित करने के सीमित विकल्प होते हैं। शहरों में कामकाजी वर्ग, विशेषकर प्रवासी श्रमिक, अक्सर बाहर भोजन पर निर्भर रहते हैं। जब खाने की कीमतें बढ़ती हैं, तो इसका सीधा असर उनकी जीवन-यापन लागत पर पड़ता है। गैस कीमतों का बोझ उपभोक्ता को ही झेलना पड़ता है। इस प्रकार, जीएसटी संग्रह में वृद्धि जहां एक ओर आर्थिक मजबूती का संकेत है, वहीं दूसरी ओर महंगाई का दबाव इस मजबूती को चुनौती भी दे सकता है। एक और चिंता का विषय घरेलू और कमर्शियल गैस के बीच करीब ढाई गुणा मूल्य अंतर है। इससे घरेलू गैस के दुरुपयोग और कालाबाजारी की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में सरकार के लिए जरूरी है कि वह मूल्य संतुलन और निगरानी दोनों पर ध्यान दे। दूसरी तरफ, खाड़ी देशों में बढ़े तनाव के कारण भी लगातार अर्थव्यवस्था के मंद होने की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन इन सभी अवरोधकों से पार पाते हुए देश की आर्थिक सेहत पटरी पर है। मजबूत घरेलू उपभोक्ता आधार अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है। कच्चे तेल और गैस की बढ़ती कीमतों ने महंगाई के मोर्चे चुनौती जरूर दी है, लेकिन सरकार ने तमाम वैकल्पिक उपाय कर इस चुनौती को मात दी और इसे कंट्रोल किया है। अब उम्मीद की जा सकती है कि सरकार इसका कुछ न कुछ समाधान जरूर निकालेगी और आम आदमी को राहत देगी और भविष्य अच्छा होगा। कुल मिलाकर हमें बेहतर की उम्मीद करनी चाहिए और आंकड़े भी यही बयां कर रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत होकर उभरेगी।



मुद्दा
कांतिलाल मांडोत

# तेल कंपनियों का लाभ, उपभोक्ता पर बोझ

> तेल कंपनियों ने रोजाना औसतन 116 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, जो पूरे वर्ष में करीब 1.37 लाख करोड़ रुपये के आसपास बैठता है। यह आंकड़ा न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि बाजार की जटिल परिस्थितियों के बावजूद कंपनियों की कमाई लगातार मजबूत बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनियों ने अपने मार्जिन को बनाए रखा है। खास बात यह है कि जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो कंपनियां कीमतें बढ़ाने की बात करती हैं, लेकिन जब कीमतें घटती हैं, तो उपभोक्ताओं को उसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता।

भारत में पेट्रोलियम क्षेत्र एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान देश की प्रमुख तेल कंपनियों ने जिस तरह से मुनाफा कमाया है, उसने आम जनता, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं के बीच नई बहस को जन्म दे दिया है। कॉमर्शियल सिलेंडर 1 मई से 994 रुपये तक महंगा हो गया है। 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी 261 रुपये का इजाफा किया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद अब 'छोटू' सिलेंडर की रिफिल कीमत 813.50 रुपये हो गई है। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च बढ़ेगा। ऐसे में वे चाय, नाश्ते और थाली महंगी कर सकते हैं। शादियों की कैटरिंग भी महंगी हो सकती है। गैस बढ़ोतरी के बाद अब पेट्रोल-डीजल की बाते करें तो तेल कंपनियों ने रोजाना औसतन 116 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, जो पूरे वर्ष में करीब 1.37 लाख करोड़ रुपये के आसपास बैठता है। यह आंकड़ा न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि बाजार की जटिल परिस्थितियों के बावजूद कंपनियों की कमाई लगातार मजबूत बनी हुई है।

पिछले तीन वर्षों से तेल कंपनियों का मुनाफा लगातार बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनियों ने अपने मार्जिन को बनाए रखा है। खास बात यह है कि जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो कंपनियां कीमतें बढ़ाने की बात करती हैं, लेकिन जब कीमतें घटती हैं, तो उपभोक्ताओं को उसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता। 2022-23 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कच्चे तेल की कीमतें 125 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। उस समय भी अधिकांश तेल कंपनियों ने भारी मुनाफा कमाया था। इसके बाद 2023-24 और 2024-25 में कीमतों में कुछ गिरावट आई, लेकिन कंपनियों के लाभ में कोई खास कमी नहीं आई। 2025-26 में भी यही ट्रेंड जारी रहा। केयर एज रेटिंग के अनुसार, तीसरी तिमाही में रिफाइनिंग मार्जिन प्रति बैरल लगभग 13 डॉलर तक पहुंच गया था, जो भारतीय मुद्रा में करीब 1,235 रुपये होता है। इसका सीधा असर कंपनियों की कमाई पर पड़ा। अगर पेट्रोल और डीजल के स्तर पर देखा जाए, तो कंपनियों को प्रति लीटर 7 से 6 रुपये तक का लाभ मिल रहा था। इससे पहले 2024-25 में यह मार्जिन 12 से 14 रुपये प्रति लीटर तक था। यह साफ दिखाता है कि कंपनियों ने लागत और बिक्री मूल्य के बीच एक ऐसा संतुलन बनाया है, जिससे उनका मुनाफा लगातार बढ़ता रहा। हालांकि, दूसरी ओर उपभोक्ताओं की स्थिति उतनी मजबूत नहीं रही। आम जनता को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अपेक्षित राहत नहीं मिल पाई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें घटने के बावजूद घरेलू स्तर पर कीमतों में सीमित कटौती ही देखने को मिली। इससे यह सवाल उठता है कि क्या तेल कंपनियों का मुनाफा उपभोक्ताओं की कीमत पर बढ़ रहा है। 2026 की शुरुआत में ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध की स्थिति ने एक बार फिर तेल बाजार को प्रभावित किया। 26 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई और यह 125 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। हालांकि बाद में कीमतें घटकर 116 डॉलर तक आ गईं। इस दौरान तेल कंपनियों



ने दावा किया कि उन्हें पेट्रोल पर प्रति लीटर 14 रुपये और डीजल पर 10 रुपये का नुकसान हो रहा है। लेकिन यह दावा उस समय सवालों के घेरे में आ गया। जब उनके पिछले मुनाफे के आंकड़े सामने आए। विशेषज्ञों का मानना है कि तेल कंपनियां अपने नुकसान और मुनाफे को संतुलित तरीके से प्रस्तुत करती हैं। जब कीमतें बढ़ती हैं तो नुकसान का हवाला दिया जाता है और जब कीमतें घटती हैं तो मुनाफे की बात कम ही सामने आती है। यह रणनीति बाजार और उपभोक्ताओं दोनों को प्रभावित करती है। सरकार की भूमिका भी इस पूरे मामले में महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार ने 27 मार्च को पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की थी, जिससे आम जनता को कुछ राहत मिली। हालांकि इससे सरकार को हर महीने करीब 12,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है। इस घाटे की भरपाई के लिए सरकार ने डीजल के निर्यात पर टैक्स बढ़ा दिया, जिससे अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। भारत में हर महीने औसतन 191 करोड़ लीटर डीजल का निर्यात होता है। टैक्स बढ़ने के बाद सरकार को केवल डीजल निर्यात से ही करीब 10,500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय हो रही है। इससे यह साफ है कि सरकार भी राजस्व संतुलन बनाए रखने के लिए अलग-अलग उपाय कर रही है। तेल कंपनियों द्वारा उठाए गए कुछ कदम भी चर्चा में रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ क्षेत्रों में एक बार में 200 लीटर से अधिक पेट्रोल या डीजल देने पर प्रतिबंध लगाया गया। यह कदम आपूर्ति को नियंत्रित करने और संभावित संकट से निपटने के लिए उठाया गया था। हालांकि इससे छोटे व्यवसायों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कच्चे तेल की कीमतों का इतिहास देखें तो 2020-21 में यह लगभग 44.65 डॉलर प्रति बैरल थी, जो महामारी के दौरान सबसे कम स्तर था। इसके बाद 2021-22 में यह 79.30 डॉलर, 2022-23 में 90 डॉलर के आसपास, 2023-24 में 82.58 डॉलर और 2024-25 में 78.56 डॉलर रही। 2025-26 में यह औसतन 70.99 डॉलर के आसपास रही। इस ट्रेंड से स्पष्ट है कि कीमतों में गिरावट आई है, लेकिन इसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा। इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या तेल कंपनियों का मुनाफा उचित है या इसमें संतुलन की जरूरत है। एक तरफ कंपनियां यह तर्क देती हैं कि उन्हें वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं, रिफाइनिंग लागत और लॉजिस्टिक्स खर्च का सामना करना पड़ता है। दूसरी तरफ उपभोक्ता यह महसूस करते हैं कि उन्हें कीमतों में पारदर्शिता और राहत मिलनी चाहिए। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार और कंपनियों दोनों को मिलकर एक संतुलित नीति बनानी चाहिए, जिससे कंपनियों की वित्तीय स्थिति मजबूत रहे और उपभोक्ताओं को भी उचित कीमत मिले। इसके लिए मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता, टैक्स संरचना में सुधार और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना जरूरी है। भविष्य की बात करें तो भारत तेजी से ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा और अन्य वैकल्पिक स्रोतों पर जोर दिया जा रहा है। इससे आने वाले वर्षों में तेल की मांग पर असर पड़ सकता है। ऐसे में तेल कंपनियों को भी अपने बिजनेस मॉडल में बदलाव लाना होगा। अंततः यह कहा जा सकता है कि तेल कंपनियों का बढ़ता मुनाफा केवल एक आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और राजनीतिक महत्व का विषय भी बन चुका है। जब तक उपभोक्ताओं को उचित राहत और पारदर्शिता नहीं मिलेगी, तब तक यह बहस जारी रहेगी। सरकार, कंपनियों और जनता के बीच संतुलन बनाना ही इस चुनौती का सबसे प्रभावी समाधान हो सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

तकनीक
रोहित माहेश्वरी




# सोशल मीडिया की लत के शिकार हो रहे युवा

आज का युग डिजिटल प्रौद्योगिकी का युग है, जिसमें सोशल मीडिया विशेषकर युवा पीढ़ी के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक, वे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े रहते हैं। यह माध्यम अब केवल संचार का साधन मात्र नहीं रह गया है, बल्कि उनके चिंतन, मनोविज्ञान, व्यवहार और जीवनशैली पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। इसलिए, यह समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सोशल मीडिया युवाओं के लिए वरदान है या अभिशाप। भारत में डिजिटल उपयोग के आंकड़े इसकी व्यापकता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, 90 से 95 प्रतिशत किशोर सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं और लगभग 45 प्रतिशत लगातार ऑनलाइन रहते हैं। एक औसत किशोर प्रतिदिन 3 से 5 घंटे स्क्रीन पर बिताता है, जबकि कुछ किशोर छह घंटे से अधिक समय ऑनलाइन बिताते हैं। सकारात्मक पक्ष देखें तो सोशल मीडिया ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। बायजू, खान अकादमी, कोर्सेरा और गूगल क्लासरूम जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से छात्र घर बैठे ही उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। अनुमान है कि ऑनलाइन शिक्षा का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या में प्रति वर्ष 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। वीडियो पाठों और इंटरैक्टिव तरीकों से सीखना और भी आसान हो गया है। इससे समय और धन दोनों की बचत होती है और छात्रों को विश्व स्तरीय जानकारी तक पहुंच मिलती है। इसके अलावा, सोशल मीडिया युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक विशाल मंच प्रदान करता है। कई युवा गायन, लेखन, फोटोग्राफी और अन्य कलाओं के माध्यम से प्रसिद्धि प्राप्त कर रहे हैं। कई लोग डिजिटल क्रिएटर या इन्फ्लुएंसर बनकर अपनी आजीविका भी कमा रहे हैं। भारत में डिजिटल मार्केटिंग उद्योग की विकास दर लगातार बढ़ रही है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। दूसरी ओर, इसके नकारात्मक प्रभाव भी गंभीर चिंता का विषय हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि जो युवा प्रतिदिन तीन घंटे से अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं, उनमें अवसाद और चिंता के लक्षण अधिक पाए जाते हैं। लगभग 60 प्रतिशत युवा नींद की कमी से पीड़ित हैं क्योंकि वे रात में भी मोबाइल फोन का उपयोग करते रहते हैं। इसका सीखने, ध्यान केंद्रित करने और याददाश्त पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सोशल मीडिया मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालता है। दुनिया भर में अरबों उपयोगकर्ताओं को प्रभावित करता है जो रोजाना औसतन 145 मिनट स्क्रॉल करते हैं। यह डिजिटल परिदृश्य आधुनिक जीवन के ताने-बाने में गहराई से समा गया है, अभूतपूर्व संबंध बनाते हुए मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर रहा है। आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया पर मिलने वाले लाइक्स, फॉलोअर्स और शेयर को अपनी पहचान मानने लगी है। यह तुलना का माहौल बना रहा है, जहां लोग दूसरों की परफेक्ट लाइफ देखकर खुद को कमतर समझने लगते हैं। डॉक्टरों का मानना है कि यह एक अवास्तविक दुनिया है, जो मानसिक दबाव को बढ़ाती है। शोध बताते हैं कि यूट्यूब या इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर स्क्रॉल करने से मस्तिष्क के वे क्षेत्र सक्रिय हो जाते हैं जो पुरस्कार प्रसंस्करण, सामाजिक अनुभूति और ध्यान से जुड़े होते हैं। जब भी हमें कोई लाइक या सकारात्मक टिप्पणी मिलती है, तो हमारा मस्तिष्क डोपामाइन छोड़ता है, जिससे शक्तिशाली इनाम के रास्ते बनते हैं जो हमें और अधिक पाने के लिए प्रेरित करते हैं। हार्वर्ड के शोधकर्ताओं के अनुसार, सोशल मीडिया पर सक्रियता प्राप्त करने पर जो डोपामाइन निकलता है, वह कोकीन जैसे नशीले पदार्थों के सेवन के बराबर होता है। इसके अलावा, इन पुरस्कारों की अप्रत्याशित प्रकृति- यह न जानना कि आपको कब और कितने लाइक मिलेंगे- इस अनुभव को और भी व्यसनी बना देती है। शोध लगातार सोशल मीडिया के इस्तेमाल और मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट के बीच कई संबंधों को उजागर करते रहे हैं। अध्ययनों में सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल और अवसादग्रस्तता के लक्षणों की बढ़ती दर के बीच महत्वपूर्ण संबंध पाए गए हैं। यह कहना उचित होगा कि सोशल मीडिया युवा पीढ़ी के लिए दोधारी तलवार के समान है। जहां यह सीखने, जुड़ने और विकास के अवसर प्रदान करता है, वहीं यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी जोखिम पैदा कर सकता है। इसलिए इसका उपयोग करना हम पर निर्भर करता है। यदि इसका बुद्धिमानी और संतुलित तरीके से उपयोग किया जाए, तो यह निश्चित रूप से युवा पीढ़ी के भविष्य को उज्जवल बनाने का एक साधन सिद्ध हो सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# शिष्य-गुरु में श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन



संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो। जिसके पद चिह्नों पर चलकर और जिसके प्रदत्त मार्गदर्शन को अपनाकर जीवन को वैसा ही श्रेष्ठतम व सार्थक बनाया जा सके।

# मतभेद वाले को कभी सफलता प्राप्त नहीं होती



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे। पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है। कौरव पक्ष में बड़े-बड़े योद्धा थे, विशाल सेना थी, लेकिन मतभेदों के चलते सभी एक मत होकर पांडवों से युद्ध नहीं लड़ सके और अंत में पांडवों की जीत हुई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारी मतदान से दलों की धड़कनें तेज

देश के चौथे सबसे बड़े राज्य पश्चिम बंगाल में दूसरे और अंतिम चरण का मतदान सम्पन्न होने के साथ ही पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणामों पर अब सबकी निगाहें चार मई को होने वाली मतगणना पर टिक गई हैं। बिहार से शुरू हुए मतदाता सूची के शुद्धिकरण (पुनरीक्षण) के बाद वहां हुई बंपर वोटिंग ने मतदान प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि का संकेत दिया था। इसी क्रम में चुनाव आयोग ने विपक्ष के विरोध के बावजूद सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराया। पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनाव से पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया गया। कई मतदाता सूची से बाहर हुए।

- आतिश, रोहतक

## ट्रेंड

### दूध प्रसंस्करण संयंत्र



कारगिल में 25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 10 टीएलपीडी क्षमता वाले दूध प्रसंस्करण संयंत्र की आधारशिला रखी गई और लेह मिल्क प्लांट के नए उत्पादों का शुभारंभ किया। यह परियोजनापशुपालकों की आत्मनिर्भरता को गति प्रदान करेगी।

-**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री


### डिजिटल जनगणना शुरू



भारत की पहली डिजिटल जनगणना शुरू हो चुकी है। यह हमारे देश के विकास पथ में एक महत्वपूर्ण कदम है। सही नीतियां बनाने के लिए सटीक आंकड़े ही आधार हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक तभी पहुंच सकता है जब आंकड़े सटीक हों।

-**रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### सरकारी नौकरियां



हमारी सरकार ने पिछले सवा दो वर्षों में बिना किसी कागजी लीक के पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से 351 भर्ती परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न की हैं। हमने एक लाख बीस हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं।

- **भजनलाल शर्मा,** सीएम, राजस्थान

### बिजली क्षेत्र में भ्रष्टाचार




भाजपा सरकार बिजली क्षेत्र में भ्रष्टाचार का रैकेट चला रही है, प्रीपेड मीटरों की आड़ में तकनीक का दुरुपयोग करके जनता को लूट रही है। अब जनता ने उनकी इस चोरी को पकड़ लिया है। इस बार स्मार्ट मीटर तोड़े जा रहे हैं; अगली बार ईवीएम...

-**अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# दक्षिण अफ्रीका के पाठ्यक्रम में हो भारतीय इतिहास शामिल



'साउथ अफ्रीकन हिंदू धर्म सभा' (एसएएचडीएस) ने दक्षिण अफ्रीका में संशोधित किए जा रहे स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त स्थान देने की मांग करते हुए अधिकारियों से इसे नजरअंदाज नहीं करने का आग्रह किया है। एक खुले पत्र में एसएएचडीएस के अध्यक्ष राम महाराज ने कहा कि अल्पसंख्यक होने के बावजूद भारतीय समुदाय के इतिहास को पाठ्यक्रम में समुचित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 1981 में डरबन में आयोजित पहले राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन में एसएएचडीएस ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त रूप से शामिल करने की मांग की थी। महाराज ने कहा, दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के इतिहास को इतिहास की पुस्तकों से मिटाया नहीं जा सकता और न ही मिटाया जाना चाहिए। हम मांग करते हैं कि सभी कक्षाओं में भारतीयों के इतिहास से संबंधित मौजूदा सामग्री को कम से कम दोगुना किया जाए, क्योंकि अल्पसंख्यक भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने वर्तमान प्रस्तुतीकरण स्तर को अपमानजनक और भारतीयों के योगदान को नजरअंदाज करने वाला बताया। महाराज ने कहा कि 1860 में बंधुआ मजदूरों के रूप में आगमन के बाद से भारतीयों ने दक्षिण अफ्रीका के आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## ऑफ बीट

# ध्रुवीय भालू मानव बस्तियों के पास क्यों चले आते हैं



ध्रुवीय भालू अत्यंत जिज्ञासु होते हैं और यही जिज्ञासा अक्सर उन्हें इंसानी ढांचे और बस्तियों के करीब ले आती है, जिससे दोनों के लिए खतरा पैदा हो सकता है। एक नए अध्ययन में पाया गया है कि इसके पीछे के कारण पहले की तुलना में अधिक जटिल हैं। अध्ययन के अनुसार, आर्कटिक क्षेत्र के गर्म होने के कारण कई ध्रुवीय भालू समुद्री बर्फ से दूर तटों पर अधिक समय बिता रहे हैं, जहां वे आमतौर पर सील का शिकार करते हैं। वैज्ञानिकों ने 2011 से 2021 के बीच मैनिटोबा के वपुस्क नेशनल पार्क और चर्चिल नॉर्दर्न स्टडीज सेंटर में कैमरे लगाकर यह जानने की कोशिश की कि भालू इन स्थानों पर कितनी बार आते हैं। अध्ययन में कुल 580 बार भालुओं की आवाजाही दर्ज की गई, जो मुख्य रूप से जुलाई से नवंबर के बीच हुई। शोध में पाया गया कि इन स्थानों पर मानव गतिविधियों का भालुओं के आने की संख्या पर कोई खास असर नहीं पड़ा। हालांकि, समुद्री बर्फ के बिना रहने की अवधि (आइस-फ्री सीजन) का इस पर स्पष्ट प्रभाव देखा गया। जिन वर्षों में यह अवधि लंबी रही, उन वर्षों में भालुओं की आवाजाही अधिक दर्ज की गई। शोधकर्ताओं ने पाया कि भालुओं के शरीर की स्थिति (यानी वे कमजोर हैं या स्वस्थ) का उनके मानव बस्तियों की ओर आने से सीधा संबंध नहीं है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 8 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 12 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 8 | 2 | 6 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप





केएल राहुल — 433 रन — दिल्ली

भुवनेश्वर कुमार — 17 विकेट — बेंगलुरु

# मुंबई इंडियंस को झटका, सैंटनर टूर्नामेंट से बाहर



एजेंसी ▶▶ ऑकलैंड

एमआई के मिशेल सैंटनर आईपीएल के दौरान कंधे में लगी चोट के कारण कम से कम एक महीने तक मैदान से बाहर रहेंगे। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच 23 अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान फील्डिंग करते समय बाएं कंधे में चोट लग गई थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, 'सैंटनर इस सप्ताह न्यूजीलैंड लौट आए हैं और एक विशेषज्ञ से मिले, जिन्होंने बताया कि उन्हें कम से कम एक महीने के आराम और 'रिहैबिलिटेशन' की जरूरत है।'

### नहीं खेल पाएंगे आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट

सैंटनर ने आईपीएल मैच के दौरान जसप्रीत बुमराह की गेंद पर सीएसके के कार्तिक शर्मा का डाइव लगाकर कैच लिया, लेकिन इस दौरान उनके कंधे और सिर में चोट लग गई। इस कारण वह आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। एनजेडसी ने कहा, 'दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच के लिए उनकी उपलब्धता पर फैसला बाद में किया जाएगा।' न्यूजीलैंड और आयरलैंड के बीच एकमात्र चार दिवसीय टेस्ट मैच 27 मई को बेलफास्ट में शुरू होगा। इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स (4-8 जून), द ओवल (17-21 जून) और ट्रेंट ब्रिज (25-29 जून) में तीन टेस्ट मैच खेलेगी।

# सनराइजर्स खेमे में बदलाव, मावी की जगह अंबरीश शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग के बीच सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने अपने खेमे में बदलाव किया है। सीजन के शेष मुकाबलों के लिए शिवम मावी की जगह सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर आरएस अंबरीश को टीम में शामिल किया गया है। दाएं हाथ के मीडियम पेसर मावी ग्रोइन इंजरी (जांघ के ऊपरी हिस्से में चोट) के कारण इस सीजन से बाहर हो गए हैं, जिसके चलते एसआरएच को उनकी जगह अंबरीश को टीम में शामिल करना पड़ा। शुक्रवार को आईपीएल की तरफ से जारी बयान में कहा गया, दाएं हाथ के मीडियम पेसर और बाएं हाथ के बल्लेबाज अंबरीश 30 लाख रुपए में एसआरएच से जुड़ेंगे।

### जिम्बाब्वे और नामीबिया के खिलाफ ले चुके हैं 11 विकेट



चेन्नई के रहने वाले अंबरीश इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे और नामीबिया में हुए आईसीसी मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत की जीत का हिस्सा थे, जहां वे टूर्नामेंट के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे। अंबरीश ने 11 विकेट लेकर भारत के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के तौर पर टूर्नामेंट खत्म किया। इसके साथ ही टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बल्ले और गेंद दोनों से योगदान देने की काबिलियत ने उन्हें भारतीय क्रिकेट के टैलेंट पूल में सबसे होनहार युवा खिलाड़ियों में से एक के तौर पर पहचान दिलाई।

## खबर संक्षेप

### हॉकी एशिया कप : भारत ने मकाऊ को 8-1 से हराया



**नई दिल्ली।** कप्तान गुरतेज सिंह भट्टी के 4 गोल की मदद से भारत ने बिश्केक, किर्गिस्तान में चल रहे अंडर-18 आइस हॉकी एशिया कप में मकाऊ को 8-1 से हराया। भारत ने शुरू में गोल करके दमदार शुरुआत की और उसने तीनों पीरियड में खेल पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। राजस्थान के अजय डांगी ने भारत के लिए पहला गोल किया जबकि भट्टी ने चार गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत की तरफ से इफ्तिकार हुसैन, तंजीन ताशी और देवांश शर्मा ने भी एक-एक गोल किया। भट्टी ने मैच के बाद कहा, 'हमने स्पष्ट इरादे के साथ शुरुआत की और तीनों पीरियड में अपनी गति बनाए रखी। टीम ने अच्छे मौके बनाए और उनका भरपूर फायदा उठाया। यह शानदार जीत है, लेकिन हमारा ध्यान आगे के मैचों में निरंतरता बनाए रखने पर है।'

### कनाडा टीम के हेड कोच बने मोंटी देसाई



**टोरंटो।** क्रिकेट कनाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एसोसिएट सदस्य देशों और विभिन्न फ्रेंचाइजी लीग के साथ काम करने वाले मोंटी देसाई को अपनी राष्ट्रीय पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। कनाडा की टीम ने इस साल टी20 विश्व कप में भाग लिया था और उसने आईसीसी की प्रतियोगिताओं से पहले अपनी टीम को अच्छी तरह से तैयार करने के लिए यह रणनीतिक कदम उठाया है। क्रिकेट कनाडा के अध्यक्ष अरविंदर खोसा ने कहा, 'हमारी प्राथमिकता अच्छा प्रदर्शन, पेशेवरपन और उद्देश्य की एक नई और जीवंत भावना से क्रिकेट कनाडा की प्रमुखता को बहाल करना है।' उन्होंने कहा, 'मोंटी देसाई की नियुक्ति इसी दृष्टिकोण को दर्शाती है।

### आईएसएसएफ वर्ल्ड कप के लिए तैयार भारतीय शॉटगन टीम

**नई दिल्ली।** कजाकिस्तान के अल्माटी में होने वाले इस साल के दूसरे आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भारत की 12 सदस्यीय निशानेबाजी टीम भाग लेगी। भारतीय टीम शनिवार को आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। दस दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के 284 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय टीम के 8 सदस्य भी आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक के लिए) निशानेबाज के रूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता सोमवार (चार मई) को पुरुषों और महिलाओं के स्कीट क्वालीफायर के साथ शुरू होंगी। इस स्पर्धा के फाइनल 5 मई को होंगे। ट्रैप स्पर्धा के दो फाइनल 9 मई को जबकि ट्रैप मिश्रित टीम का फाइनल अगले शनिवार यानी 10 मई को होगा। विश्व कप का पहला चरण मार्च में मोरक्को के तांजियर में खेला गया था।

## आईपीएल: राहुल-निसांका की फिफ्टी, स्टार्क को 3 विकेट

# कैपिटल्स तीन हार के बाद जीती रॉयल्स को सात विकेट से हराया

भाषा ▶▶ जयपुर

दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार फॉर्म में चल रहे केएल राहुल (75 रन) और पाथुम निसांका (62 रन) के अर्धशतकों से मिली शानदार शुरूआत के दम पर शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच गेंद रहते सात विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स लगातार तीन हार के बाद मिली इस जीत से आठ अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई जबकि राजस्थान रॉयल्स 12 अंक से चौथे स्थान पर कायम है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए राहुल (छह चौके, पांच छक्के) और निसांका (33 गेंद, छह चौके, तीन छक्के) के बीच पहले विकेट के लिए 57 गेंद में 110 रन की भागीदारी के बाद नीतिश राणा ने 17 गेंद में 33 रन की पारी खेली।

फिर ट्रिस्टन स्टब्स (11 गेंद में नाबाद 18 रन) और आशुतोष शर्मा (15 गेंद में नाबाद 25 रन) टीम को पांच गेंद रहते तीन विकेट पर 226 रन तक पहुंचाकर जीत दिलाई। दिल्ली कैपिटल्स का यह अपने आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ा सफल 'चेज' रहा।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने कप्तान रियान पराग (90 रन) के अर्धशतक और अंत में डोनोवन फरेरा (14 गेंद में नाबाद 47 रन) की ताबड़तोड़ पारी की बदौलत छह विकेट पर 225 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। लेकिन राहुल और निसांका के अर्धशतक पराग की शानदार पारी पर भारी पड़े। निसांका ने पावर प्ले की अंतिम गेंद पर चौका लगाकर 23 गेंद में अपना अर्धशतक जड़ा। इस तरह टीम ने छह ओवर में बिना विकेट गंवाए 70 रन बना लिए थे। राहुल ने नौवें ओवर में छक्का जड़कर टीम के 100 रन पूरे कराए। राहुल ने इस ओवर में रवि बिश्नोई पर दो छक्के और एक चौका लगाकर टीम में खाते में 20 रन जोड़े।




### सुपर किंग्स और मुंबई में आज करो या मरो का मुकाबला

**चेन्नई।** अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस की टीमों के बीच आईपीएल में शनिवार को करो या मरो का मुकाबला होगा, जिसमें दोनों का लक्ष्य प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने की उम्मीद जीवंत रखना होगा। आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीम का अब तक का अभियान निराशाजनक रहा है और वे लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सीएसके के लिए एमए चिदंबरम स्टेडियम की परिस्थितियां अनुकूल रही हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में वह प्रभाव देखने को नहीं मिला है, जो वर्षों से उसकी पहचान रही है। सीएसके की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है। विशेषकर उसके बल्लेबाज बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके गेंदबाज भी दबाव वाली परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जूझ रहे हैं।

## आईसीसी सालाना टेस्ट रैंकिंग

# टीम इंडिया ने लगाई छलांग, पहुंची तीसरे पायदान पर, टॉप पर ऑस्ट्रेलिया बरकरार



एजेंसी ▶▶ दुबई

भारतीय क्रिकेट टीम ने सालाना अपडेट के बाद जारी ताजा आईसीसी मेंस टेस्ट टीम रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। इस बदलाव के साथ भारत ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया। सालाना रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए सभी मुकाबलों को पूरा वेटेज दिया जाता है, जबकि पुराने मुकाबलों के नतीजों का असर घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया जाता है। इस अपडेट ने टॉप-2 टीमों के ठीक नीचे की रैंकिंग में बड़ा फेरबदल किया है। इस वार्षिक अपडेट के चलते टॉप-2 टीमों के नीचे की रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है, जिसमें भारत को फायदा हुआ। ऑस्ट्रेलियाई टीम 131 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ शीर्ष पर मजबूती से कायम है। इस टीम ने 3 प्वाइंट्स की मामूली बढ़त के साथ अपना दबदबा बढ़ा लिया है। दूसरे पायदान पर मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन साउथ अफ्रीका स्थिर है। इस टीम के पास 119 रेटिंग प्वाइंट्स हैं।

### टीम इंडिया को फायदा, इंग्लैंड को नुकसान

तीसरे पायदान पर बदलाव देखने को मिला है, जिसे टीम इंडिया ने अपने नाम कर लिया है। भारत के पास 104 अंक हैं। वहीं, एक स्थान नीचे लुढ़कने के बाद इंग्लैंड की टीम 102 रेटिंग अंक के साथ चौथे पायदान पर है। इंग्लैंड के एक पायदान नीचे फिसलने की वजह यह रही कि उसे अपनी कई पुरानी सीरीज के नतीजों से मिलने वाला फायदा अब नहीं मिल रहा है। इन नतीजों में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ घर पर मिली पुरानी जीत, और पाकिस्तान में मिली सीरीज जीत शामिल हैं। ये सभी मैच अब 'पूरे वेटेज' वाली समय-सीमा से बाहर हो गए हैं।

### न्यूजीलैंड 101 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर

इस तालिका में न्यूजीलैंड 101 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर बना हुआ है, जबकि पाकिस्तानी टीम ने एक स्थान की छलांग लगाते हुए छठा पायदान अपने नाम कर लिया है। उसे पुराने मुकाबलों में मिली हार के असर के कम होने या खत्म हो जाने का फायदा मिला है।

# विमेंस वनडे रैंकिंग: तीसरे पायदान पर भारत, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने आईसीसी विमेंस वनडे टीम रैंकिंग में सालाना अपडेट के बाद शीर्ष पायदान पर अपना दबदबा बनाए रखा है। वहीं, विमेंस वर्ल्ड कप 2025 जीतने के बावजूद भारत ने तीसरे स्थान पर अपनी जगह पक्की रखी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम रेटिंग प्वाइंट्स में 2 अंकों की मामूली गिरावट के बाद शीर्ष पर बनी हुई है। इंग्लैंड 128 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर है। इंग्लिश टीम रेटिंग में मामूली बढ़त के बावजूद अभी भी टॉप पर मौजूद टीम से काफी पीछे है। भारतीय टीम 124 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ तीसरे पायदान पर बनी हुई है। यह सब टीम के यादगार वर्ल्ड कप अभियान के बाद हुआ है, जिसमें उन्होंने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में मिली शानदार जीत भी शामिल है। साउथ अफ्रीका (100), न्यूजीलैंड (93), और श्रीलंका (89) टॉप-6 टीमों की सूची को पूरा करते हैं। सालाना अपडेट के बाद रैंकिंग के ऊपरी हिस्से में स्थिरता बनी हुई है।



### बांग्लादेश ने पाकिस्तान को पछाड़ा

बांग्लादेश 73 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया है, जिससे उसने पाकिस्तान को पछाड़ दिया है, जो 72 प्वाइंट्स के साथ 8वें स्थान पर खिसक गया है। रैंकिंग में शेष स्थानों पर मौजूद टीमों के बीच बहुत कम बदलाव देखने को मिला है। इस बीच, थाईलैंड और नीदरलैंड्स रैंकिंग से अस्थायी तौर पर बाहर हो गए हैं, क्योंकि वे पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ वनडे मैच खेलने की शर्त को पूरा नहीं कर पाए हैं। थाईलैंड को रैंकिंग में वापस आने के लिए सिर्फ एक और मैच की जरूरत है, जबकि नीदरलैंड्स को तालिका में फिर से शामिल होने के लिए दो और वनडे मैच खेलने होंगे।

# हरियाणा प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**रोहतक।** जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय अंडर-17 गर्ल्स क्रिकेट चैंपियनशिप के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए। हरियाणा ने प्री-क्वार्टर फाइनल में तेलंगाना को मात दी। दिन का सबसे मुख्य आकर्षण हरियाणा और तेलंगाना के बीच खेला गया प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबला रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए तेलंगाना की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 106 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। हरियाणा की ओर से फलक और परी ने सटीक लाइन-लेंथ से गेंदबाजी करते हुए तेलंगाना के रनों की गति पर अंकुश लगाए रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। कैप्टन परी ने 47 रनों की कप्तानी पारी खेली, जबकि मानवी 43 रन बनाकर नाबाद रहीं। हरियाणा ने मात्र 13 ओवरों में ही जीत हासिल कर अगले दौर में प्रवेश किया। अपने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए हरियाणा की कप्तान परी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उत्तराखंड ने टूर्नामेंट की सबसे बड़ी जीतों में से एक दर्ज करते हुए एनवीएस को 94 रनों से हराया। उत्तर प्रदेश ने जम्मू-कश्मीर को 82 रनों से शिकस्त दी। महाराष्ट्र ने झारखंड को 9 विकेट से हराया। हराकर अपनी बल्लेबाजी की ताकत दिखाई। सीआईएससीई ने सीबीएसई को 5 विकेट से, गुजरात ने तमिलनाडु को 21 रनों से और तेलंगाना ने मध्य प्रदेश को 15 रनों से हराया। रेड बॉल-1 मैदान पर दिल्ली ने यूपी को 9 विकेट से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की। विश्वकर्मा ग्राउंड पर पंजाब ने सीआईएससीई को 35 रनों से मात दी। तमिलनाडु ने महाराजा अग्रसेन स्टेडियम में झारखंड को 45 रनों से हराया। आंध्र प्रदेश ने 22 यार्ड मैदान पर डीएवी को 6 विकेट से हराकर जीत हासिल की। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने खिलाड़ियों के अनुशासन की प्रशंसा की। वहीं, जिला परियोजना अधिकारी सुमन हुड्डा (कन्वीनर, एकोमोडेशन कमेटी) ने कहा कि यह मंच युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का सुनहरा अवसर है। उप जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल ने स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों और डीओसी बलराज आर्य की टीम के कार्यों को सराहा।




# एचएसबीसी रग्बी प्रीमियर लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बने सोनीपत के मोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एचएसबीसी रग्बी प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी (ऑक्शन) में हरियाणा के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला है। इस बार प्रदेश के कुल 7 खिलाड़ियों को अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों ने अपनी टीम में शामिल किया है। खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ (फरीदाबाद) ने बताया कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के दम पर ऑक्शन में भारी कीमतें बटोरी हैं। सोनीपत के मोहित खत्री एक बार फिर रग्बी प्रीमियर लीग के सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। उन्हें चेन्नई बुल्स ने 3 लाख 50 हजार रुपये की बड़ी बोली लगाकर अपनी टीम का हिस्सा बनाया है। सोनीपत से प्रिंस खत्री को मुंबई ड्रीमर्स (2 लाख) और विकास खत्री को मुंबई ड्रीमर्स (50 हजार) ने खरीदा। नीरज खत्री को मुंबई ड्रीमर्स ने पहले ही रिटेन किया हुआ है। हिसार के दीपक कुमार पुनिया को दिल्ली रेड्स ने 2 लाख 75 हजार रुपये में खरीदा। झज्जर से हितेश डागर को दिल्ली रेड्स ने 1 लाख 25 हजार रुपये और अजय देशवाल को कोलकाता बंगा टाइगर्स ने 1.5 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। सोनीपत रग्बी संघ के सचिव नरेंद्र मोर ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले सीजन में हरियाणा के 6 खिलाड़ियों को जगह मिली थी, लेकिन इस बार यह संख्या बढ़कर 7 हो गई है। इस बार दो नए नाम झज्जर से हितेश डागर और पूर्व भारतीय कप्तान विकास खत्री (सोनीपत) लीग में अपनी चमक बिखेरेंगे।



## थॉमस कप : भारत की चीनी ताइपे पर 1-0 से बढ़त

# मैराथन मुकाबला, 1 घंटे 28 मिनट में लक्ष्य ने चेन को हराया

एजेंसी ▶▶ होर्सेंस

स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने दो मैच प्वाइंट बचाते हुए विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन को हराकर भारत को शुक्रवार को थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल्स के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के खिलाफ 1-0 की बढ़त दिलाई। लक्ष्य इस मैच में अधिकतर समय पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने गजब का जुझारूपन दिखाया तथा 1 घंटे और 28 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 18-21, 22-20, 21-17 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले से पहले दोनों खिलाड़ियों के बीच आपस में रिकॉर्ड 4-4 से बराबरी पर था। इस मुकाबले में लंबी रैलियों, सटीक स्ट्रोकप्ले और उतार-चढ़ाव से भरपूर रोमांचक द्वंद्व देखने को मिला।



### लक्ष्य ने की दबाव में शानदार वापसी

चोउ ने पहला गेम में 10-15 से पिछड़ने के बाद जीता, लेकिन दूसरे गेम में लक्ष्य ने दबाव में शानदार वापसी की। भारतीय खिलाड़ी ने 13-17 से पीछे रहने के बाद लगातार चार अंक जीतकर स्कोर बराबर कर लिया। चोउ को दो मैच प्वाइंट मिले, लेकिन लक्ष्य ने अपना संयम बनाए रखा और दोनों को बचाकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। तीसरे गेम में 36 वर्षीय चोउ शारीरिक रूप से कमजोर पड़ते नजर आए और लक्ष्य ने इंटरवल तक 11-7 की बढ़त के साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इसके बाद भी उन्होंने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और मैच जीतने में सफल रहे।

### आयुष का मुकाबला लिन चुन-यी से

भारत अपनी बढ़त को और मजबूत करने की कोशिश करेगा जब सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी का सामना चियू सियांग चिएह और वांग ची-लिन से होगा। अन्य मैचों में आयुष शेट्टी का मुकाबला लिन चुन-यी से होगा। हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन की जोड़ी का सामना लियू कुआंग हेंग और यांग पो-ह्सुआन से जबकि किदाम्बी श्रीकांत का सामना ची यू जेन से होगा।




## खबर संक्षेप

### रवि कोटा एचएएल के नए सीएमडी नियुक्त



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने शुक्रवार को घोषणा की कि रवि कोटा ने कंपनी के 22वें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने डॉ. डीके सुनील का स्थान लिया है, जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए। उनके पास एयरोस्पेस एवं रक्षा, विनिर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में तीन दशक से अधिक का समृद्ध अनुभव है। इससे पहले वे एचएएल में निदेशक (ऑपरेशंस) के पद पर कार्यरत थे।

### असम के सीएम के बयान पर भड़का बांग्लादेश



**ढाका।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के पोस्ट ने भारत और बांग्लादेश के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ा दिया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय की महानिदेशक इशरत जहां ने गुरुवार को ढाका में तैनात भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बढ़े से मुलाकात की और औपचारिक विरोध दर्ज कराया। सीएम ने 20 विदेशियों को पकड़े जाने की जानकारी देते लिखा था कि अभद्र लोग नरम भाषा नहीं समझते। हम असम से उन घुसपैठियों को बाहर निकालते समय इस बात को लगातार याद रखते हैं। बांग्लादेशी अधिकारी ने इसे असंयमित बताया। कहा कि इस तरह की बयानबाजी द्विपक्षीय संबंधों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मुद्दों पर सार्वजनिक टिप्पणी करते समय संयम बरतना बेहद जरूरी है।

### ऑस्ट्रेलिया में गूगल-मेटा को देने होंगे न्यूज के पैसे



**नई दिल्ली।** हम सब रोज गूगल और फेसबुक (मेटा) पर खबरें पढ़ते हैं। इन खबरों के दम पर बड़ी टेक कंपनियां यूजर्स को अपने प्लेटफॉर्म पर बनाए रखती हैं और खूब मुनाफा कमाती हैं। लेकिन, दिन-रात मेहनत करके इन खबरों को तैयार करने वाले पत्रकारों और मीडिया हाउसेस को उनका सही हिस्सा अक्सर नहीं मिल पाता। इसी नाइंसाफी को खत्म करने के लिए ऑस्ट्रेलियन सरकार ने इस हफ्ते एक नया नियम पेश किया है, जिसका नाम है- 'न्यूज बार्गेनिंग इन्सेंटिव'।

---

### अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फिर नया दावा

# ईरान समझौता करने को बेताब, युद्धविराम तोड़ने की जरूरत नहीं, परमाणु क्षमता पूरी तरह नष्ट की

*ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध नहीं है, बल्कि यह एक सैन्य अभियान है। सैन्य कार्रवाई ने ईरान की क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। उनकी नौसेना और वायुसेना खत्म हो गई है*

**एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता करने को बेताब है। उन्होंने हवाई हमलों को फिर से शुरू करने की संभावनाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि संघर्ष-विराम तोड़ने की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने गुरुवार दोपहर ओवल ऑफिस में मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कही। ट्रंप ने कहा कि युद्धरत पक्षों के बीच बातचीत की स्थिति की जानकारी केवल कुछ ही लोगों को है। मेरे और कुछ अन्य लोगों के अलावा किसी को नहीं पता कि बातचीत की क्या स्थिति है। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध नहीं है, बल्कि यह एक सैन्य अभियान है।

> ईरान में विरोध प्रदर्शनों के दौरान 42,000 लोगों को मार दिया गया

> होर्मुज की नाकेबंदी से ईरान को तेल से आय नहीं



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### ईरान की अर्थव्यवस्था चरमराई

राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य की अमेरिका की नाकेबंदी (ब्लॉकेड) बहुत प्रभावी साबित हुई है। ईरान को तेल से कोई आय नहीं हो रही है और उसकी अर्थव्यवस्था बुरी तरह चरमरा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही कोई समझौता हो जाएगा। ट्रंप ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि स्टॉक मार्केट नई ऊंचाई पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि जब डॉव 50,000 और एसएंडपी 7,000 के पार पहुंचा तो उन्होंने सोचा कि अब ईरान के मुद्दे पर कुछ करना चाहिए।

#### ईरान पर नए हमले की तैयारी में अमेरिका?

### इजराइल भेजा 6500 टन गोला-बारूद



अमेरिकी सेना पश्चिम एशिया में लंबे युद्ध की तैयारी कर रही है। दरअसल अमेरिकी नौसेना अपने जहाजों के माध्यम से पश्चिम एशिया में ईंधन, खाना, हथियार और बाकी जरूरी सामान भेज रही है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा कर इसकी जानकारी दी है। कुछ तस्वीरों में लिखा गया है कि गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर यूएसएस डेलबर्ट डी ब्लैक पर ईंधन, खाना, हथियार और जरूरी सप्लाई लोड की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका ने बीते 24 घंटे में 6 हजार टन से ज्यादा गोला बारूद और हथियार इजराइल भेजे हैं। इससे आशंका गहरा गई है कि अमेरिका, ईरान के खिलाफ फिर से युद्ध शुरू कर सकता है। इजराइली मीडिया के अनुसार, दो कार्गो जहाज और कई विमान 6500 टन गोला बारूद, मिलिट्री ट्रक, जॉइंट लाइट टेक्टिकल व्हीकल और अन्य हथियार लेकर इजराइल पहुंचे हैं। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका ने इजराइल 1,15,600 टन गोला बारूद, हथियार भेजे हैं।

### दावा: अराघची को हटाने की तैयारी में पेजेशकियान



राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान और संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबफ कथित तौर पर विदेश मंत्री अब्बास अराघची को पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन दोनों नेताओं ने अरागची पर यह आरोप लगाया है कि उन्होंने राष्ट्रपति पद की अनदेखी करते हुए 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के निर्देशों का पालन किया है। अराघची ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर अहमद वाहिदी के एक सहायक के तौर पर ज्यादा काम किया है।

---

### रूस के 210 ड्रोन हमले से दहला यूक्रेन

# आवासीय क्षेत्र, ऊर्जा ढांचा और नागरिक सुविधाओं को बनाया निशाना, 5 घायल



यूक्रेन के क्रिवी रिह में आवासीय इमारत में आग

» *जेलेंस्की का सवाल- कब तक चलेगी पुतिन की मनमानी?*

» *जापोरिज्जिया, सूमी, ओडेसा और खार्किव क्षेत्र में बड़ा हमला*

**एजेंसी ▶▶ कीव**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूस पर कड़ा दबाव बनाने और समन्वित प्रतिबंध लगाने की अपील की है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि रूस ने रातभर में 210 ड्रोन हमले किए, जिनमें से करीब 140 शाहेद ड्रोन थे। इन हमलों का निशाना आवासीय क्षेत्र, ऊर्जा ढांचा और महत्वपूर्ण नागरिक सुविधाएं रहीं। उन्होंने कहा कि ओडेसा में आवासीय इमारतों पर हुए हमलों में आग लग गई, जिससे पांच लोग घायल हो गए। वहीं, क्रिवी रिह में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति घायल हुआ है। इसके अलावा सूमी और जापोरिज्जिया क्षेत्रों में भी हमले किए गए। जेलेंस्की ने बताया कि खार्किव क्षेत्र में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को भी निशाना बनाया गया, जिसमें ट्रैक्शन सबस्टेशन प्रभावित हुए।

#### *सख्त प्रतिबंधों की मांग*

*जेलेंस्की ने कहा कि प्रतिबंध नीति को और मजबूत करने की जरूरत है और सभी सहयोगी देशों को अपने प्रतिबंधों को एक साथ लागू करना चाहिए। जेलेंस्की ने कहा कि रूस की आर्थिक और सैन्य क्षमता को सीमित करना जरूरी है ताकि युद्ध को आगे बढ़ने से रोका जा सके। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने साफ कहा कि अगर रूस स्वेच्छा से कूटनीति के रास्ते पर नहीं आता, तो उसे मजबूर करना होगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों का आभार जताते हुए कहा कि यूक्रेन शांति के लिए किसी भी सम्मानजनक और प्रभावी प्रक्रिया में काम करने के लिए तैयार है। जेलेंस्की ने स्पष्ट किया कि यूक्रेन एक स्थायी और वास्तविक शांति चाहता है, न कि अस्थायी समझौता।*

---

### आधुनिक सैन्य प्रशिक्षण और तैयारियों पर जोर

# राष्ट्रपति मुर्मू ने शिमला में सेना प्रशिक्षण कमान का किया दौरा

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को शिमला में स्थित आर्मी ट्रेनिंग कमांड (एआरटीआरएसी) मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्हें कमान की स्थापना, उसके विकास और भारतीय सेना की परिचालन क्षमता को मजबूत करने में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। राष्ट्रपति का स्वागत कविंदर गुप्ता और एआरटीआरएसी के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने किया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ (बाएं) राज्यपाल कविंद्र गुप्ता और (दाएं) लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा

### प्रशिक्षण संस्थान 'विकसित भारत' का प्रमुख स्तंभ

द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि एआरटीआरएसी केवल प्रशिक्षण संस्थान नहीं है, बल्कि यह युद्ध की आधुनिक अवधारणाओं को विकसित करने, संसाधन निर्माण और मित्र देशों तथा अन्य सेवाओं के साथ सहयोग बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने इसे सैन्य उत्कृष्टता, आत्मनिर्भरता और विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाने वाला एक प्रमुख स्तंभ बताया।

### वरिष्ठ अधिकारियों से किया संवाद

दौरे के दौरान राष्ट्रपति ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत भी की और प्रशिक्षण ढांचे को और मजबूत बनाने पर विचार साझा किए। उन्होंने सभी रैंकों से उच्च स्तर की तैयारी बनाए रखने और समर्पण के साथ कार्य करने का आग्रह किया। एआरटीआरएसी के अधीन 32 प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान लगातार भारतीय सेना की पेशेवर क्षमता को मजबूत कर रहे हैं। ये संस्थान आधुनिक युद्ध के बदलते स्वरूप को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, जिससे सेना की तैयारियों को नई दिशा मिल रही है।

---

# आत्मनिर्भर रक्षा क्षमता को मिली मजबूती



### स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट 'महेंद्रगिरी' भारतीय नौसेना को सुपुर्द

*मुंबई। प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित स्वदेशी उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट 'महेंद्रगिरी' को मुंबई स्थित मजगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। यह डिलीवरी देश की रक्षा उत्पादन क्षमता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। 'महेंद्रगिरी' प्रोजेक्ट 17ए का छठा और नीलगिरी श्रेणी का चौथा जहाज है। यह बहु-मिशन प्लेटफॉर्म समुद्री क्षेत्र की वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।*

---

### भारत में एपल स्मार्टफोन की अच्छी बिक्री

# गदगद हुए टिम कुक, कहा- मिडिल क्लास का बूम हमारे लिए बड़ा मौका

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



टेक दिग्गज कंपनी एपल ने एक बार फिर वैश्विक स्मार्टफोन और प्रीमियम टेक बाजार में मजबूत ग्रोथ दर्ज की है। मार्च 2026 तिमाही में रिकॉर्ड-तोड़ कमाई करने के बाद कंपनी के सीईओ टिम कुक ने कहा कि भारत एपल के लिए बहुत बड़ा अवसर बन चुका है। कंपनी यहां अपने भविष्य को लेकर काफी उत्साहित भी है। एपल ने जनवरी-मार्च तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ कुल रेवेन्यू रिकॉर्ड बनाया, बल्कि भारत सहित लगभग सभी उभरते बाजारों में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की है।

कंपनी का कहना है कि भारत में तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग, प्रीमियम डिवाइसों की बढ़ती मांग और नए ग्राहकों की संख्या एपल की सबसे बड़ी ताकत बन रही है। टिम कुक ने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार और तीसरा सबसे बड़ा पीसी बाजार बन चुका है। हमने विकसित और उभरते दोनों बाजारों में मार्च तिमाही के रिकॉर्ड रेवेन्यू हासिल किए।

---

### फर्जी बुल्गारियाई पासपोर्ट से बड़ा खुलासा

# ड्रग माफिया सलीम तुर्किये में 'हमजा' बनकर रह रहा था, जांच की जा रही

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी के बड़े नामों में शामिल मोहम्मद सलीम डोला को लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार वह तुर्किये में फर्जी पहचान के साथ रह रहा था। अधिकारियों के मुताबिक सलीम डोला तुर्किये में खुद को 'हमजा' नाम से पेश कर रहा था और वहां एक बुल्गारियाई पासपोर्ट के आधार पर रह रहा था। हालांकि अब यह जांच की जा रही है कि यह पासपोर्ट असली था या फर्जी। बता दें, सलीम डोला को हाल ही में तुर्किये के



इस्तांबुल में गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी था, जो भारत की एजेंसियों के अनुरोध पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने जारी करवाया था। जांच एजेंसियों के मुताबिक, डोला एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क का हिस्सा था, जिसका कारोबार लगभग 5000 करोड़ रुपए तक फैला हुआ था।

---

### बरगी डैम हादसा: पूरे मप्र में क्रूज संचालन बैन, जान बचाने वालों को 15 अगस्त को सीएम करेंगे सम्मानित



परिजनों को ढाढस बंधाते सीएम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मप्र की संस्कारधानी जबलपुर में हुए क्रूज हादसे को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बरगी पहुंचे। उन्होंने क्रूज हादसे के पीड़ितों से मिलकर उनको ढांढस बधाया है। उन्होंने कहा कि बरगी बांध में हुआ हादसा अचानक आए चक्रवात की वजह से हुआ है। उसकी विस्तृत जानकारी जांच रिपोर्ट के बाद ही मिल सकेगी।

▶▶ **सीएम ने कहा**
संकट की इस घड़ी में सरकार परिवारों के साथ किसी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे घटना के दोषी

▶▶ **एडवेंचर स्पोर्ट्स**
के लिए बनेगी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रॉसिजर (एसओपी)

# 14 जिंदगियों में 'तूफान', मातम

## अब तक 9 शव निकाले गए, 5 अभी भी लापता, तेज बारिश ने रोका अभियान



किनारे लाया गया 'किलर क्रूज'

### पायलट समेत 3 बर्खास्त एक कर्मचारी सस्पेंड

मध्य प्रदेश के जबलपुर क्रूज हादसे में अब तक 9 शव मिल चुके हैं। तीन बच्चों सहित 4 लोग लापता हैं, जिनका शुक्रवार देर शाम तक पता नहीं चल सका था। तेज बारिश होने की वजह से अभियान रोकना पड़ा। शनिवार सुबह 5 बजे से एक बार फिर सर्चिंग की जाएगी। मामले में क्रूज पायलट महेश पटेल, हेल्पर छोटेलाल गोंड और टिकट काउंटर प्रभारी बृजेंद्र की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। वहीं, होटल मैकल रिसॉर्ट और बोट क्लब बरगी के मैनेजर सुनील मरावी को लापरवाही के आरोप में निलंबित किया गया है। रीजनल मैनेजर संजय मल्होत्रा को मुख्यालय अटैच कर उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस मामले में दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

**परिजनों से मिलकर भावुक हुए मुख्यमंत्री**



घटना में मृतक लोगों के परिजनों का रो राकर बुरा हाल था। उनके बेटे-बेटियों के आंसू नहीं रूक रहे थे। उन सभी से मिलने मुख्यमंत्री डॉ. यादव जब वहां पहुंचे तो वे भी भावुक हो गए। माहौल काफी गमगीन हो गया था। मुख्यमंत्री ने बच्चों को गले लगाया, बेटी के सिर पर हाथ रखकर सांत्वना दी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28